वर्ष-10 अंक-228 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये
प्रयागराज, गुरुवार 21 नवम्बर, 2024
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित
आधुनिक समाचार नेटवर्क
Download From Google Play Adhunik Samachar
नगर संस्करण
10

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश रोडवेज के सभी डिपो अलर्ट पर, यात्रियों के लिए परेशानी संचालित बसों के बढ़ा दिए गए फेरे


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बीएस-6 मानक की 12 वॉल्वो बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। 130 मई बसों में से 77 को दिल्ली मार्ग पर संचालित किया जा रहा। बाकी 53 भी जल्द ही चलाई जाएंगी।




संचालित बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं। दिल्ली की रोडवेज बस सेवा प्रभावित होने के बाद उत्तराखंड परिवहन निगम ने सभी डिपो को अलर्ट जारी कर दिया है। जो बसें दिल्ली में नहीं घुस सकती, उन्हें यूपी में दिल्ली की सीमा पर रोककर सवारियों को दिल्ली भेजने के लिए दिल्ली परिवहन विभाग से समन्वय बनाया जा रहा है। निगम की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, निगम 180 सीएनजी बसें दिल्ली मार्ग पर संचालित कर रहा है। बीएस-6 मानक की 12 वॉल्वो बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। 130 मई बसों में से 77 को दिल्ली मार्ग पर संचालित किया जा रहा। बाकी 53 भी जल्द ही चलाई जाएंगी। संचालित बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं।जो बसें दिल्ली में प्रवेश नहीं कर पा रहीं, उन्हें यात्रियों की जरूरत के अनुसार मोहननगर, कौशांबी दिल्ली सीमा तक पहुंचाया जा रहा है। इससे आगे सवारियों को भेजने के लिए दिल्ली परिवहन विभाग डीटीसी बसों के संबंध में समन्वय बनाया जा रहा है। निगम प्रबंधन का कहना है कि उनकी कोशिश है कि सवारियों को परेशानी न हो।

## दिल्ली में चाकू से एक की मौत 15 से 20 बार किया हमला दूसरा घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम जिले के मौर्या एंक्लेव थाना क्षेत्र में अचानक आए गुस्से में धमकी दी तो आरोपी विकास ने दो युवक के ऊपर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों घायल मनीष व हिमांशु को दीपचंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां डॉक्टरों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया। आरोपी ने दोनों पर चाकू से 15 से 20 बार हमला किया था। मौर्य एनक्लेव थाना पुलिस ने आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह घटना मंगलवार रात की है।





## अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री धामी पर साधा निशाना सीएम योगी आदित्यनाथ को उत्तराखंड बुलाने की दी नसीहत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पूर्व सीएम एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का हेलिकॉप्टर कम विजिबिलिटी से जौलीग्रांट एयरपोर्ट से नहीं उड़ सका था। इंतजार के बाद वह रात्रि विश्राम के लिए हरिद्वार पहुंच गए थे। इस दौरान उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी पर निशाना साधा। मां गंगा की स्वच्छता को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने उत्तराखंड के विकास पर सवाल उठाए। कहा, मां गंगा के नाम की कसम खाने वाले भाजपा के नेता आज गंगा की गंदगी के जिम्मेदार हैं। श्रवणनाथ नगर स्थित होटल में ठहरे अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा, आज कोई भी भाजपाई नाले और सीवर से दूषित हो रही गंगा का आचमन नहीं कर सकता है। भाजपा सरकारों को अपनी सबसे ज्यादा नापसंद बताते हुए कहा, अपने कार्यकाल में उन्होंने हल्द्वानी के लिए फोरलेन बनाई, लेकिन सरकार आज तक हाईवे के उस हिस्से को नहीं बना सकी जो इनके हिस्से में है।यूपी विस के उपचुनाव में भाजपा की 100 फीसदी हार का दावा करते हुए कहा, अग्निवीर योजना का यहां के युवाओं को विरोध करना चाहिए। योजना फौजी को सम्मान दिलाने वाली नहीं, बल्कि सम्मान छीनने वाली योजना है।




## गंदा पानी टूटी सड़कें और पार्कों का बुरा हाल; एक दो नहीं कई हैं समस्याएं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पालम गांव में आज भूलभूत सुविधाओं की कमी ही नहीं बल्कि ये प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। पालम गांव के ने उनके जीवन को कठिन बना दिया है। वे करीब-करीब तमाम मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांव में एक भी शहरी जैसी सुविधा उपलब्ध नहीं है। इतना



निवासियों ने अमर उजाला संवाद कार्यक्रम में बारी-बारी से अपनी समस्याएं बताईं। राजधानी का ऐतिहासिक पालम गांव कभी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध था, मगर आज मूलभूत सुविधाओं की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। शहरीकृत गांव का दर्जा मिलने के बावजूद पालम गांव तक विकास की चमक नहीं पहुंची है। नतीजा यह है कि गांव के निवासी दिन-प्रतिदिन बढ़ती समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें गंदे पानी की आपूर्ति, टूटी सड़कें, सीवर ओवरफ्लो, यातायात जाम, पार्कों की दुर्दशा आदि प्रमुख समस्याएं हैं। पालम गांव के निवासियों ने अमर उजाला संवाद कार्यक्रम में बारी-बारी से समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांव शहरीकृत घोषित करने के समय वह काफी खुश हुए थे। उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें भी शहर जैसी सुविधाएं मिलेगी, लेकिन विकास कार्यों की कमी और प्रशासनिक लापरवाही ही नहीं, गांवों में सुविधा बढ़ने के बजाए कम हो गई है। सरकार और अधिकारियों को गांव की समस्याओं पर ध्यान देकर त्वरित और प्रभावी समाधान प्रदान करना चाहिए, ताकि पालम अपने गौरवशाली इतिहास के साथ एक बेहतर वर्तमान और भविष्य की तस्वीर पेश कर सके। गांव में गंदे और अशुद्ध पानी की आपूर्ति एक बड़ी समस्या बन चुकी है। कई घरों में पाइपलाइन से आने वाला पानी पीने लायक नहीं है, जिससे लोग जलजनित बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। सीवर ओवरफ्लो की समस्या भी बनी हुई है।- चौ. सुरेंद्र सोलंकी गांव की सड़कें बदहाल हैं और लंबे समय से निर्माण और मरम्मत की राह देख रही हैं। कई जगहों पर सड़कें इतनी खराब हो चुकी हैं कि बरसात के मौसम में जलभराव से आवागमन मुश्किल हो जाता है। बिजली के खंभे और स्ट्रीट लाइटें भी खराब पड़ी हैं, जिससे रात के समय असुरक्षा का माहौल बनता है।

## दिल्ली के उद्योग भवन की सुरक्षा में सेंध, फर्जी ऑफर लेटर देकर भेजा, युवक गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के सबसे वीआईपी इलाके में सेंध मारी की घटना सामने आई है। संसद के सामने स्थित उद्योग भवन की सुरक्षा में सेंध मामले में पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस में मामला दर्ज कर लिया है।संसद के सामने स्थित उद्योग भवन की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया है। निखिल नाम का युवक मंत्रालय के फर्जी पास उद्योग भवन में घुस गया था। हालांकि सीआईएसएफ के जवानों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। कर्तव्य पथ थाना पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। नई दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि निखिल ठगी का शिकार हुआ है। उसे वस्त्र मंत्रालय में नौकरी लगवाने का झांसा दिया गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार उद्योग भवन की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ सहायक कमांडेंट ने शिकायत दी। उसमें कहा गया कि नई बस्ती, देवली गांव, नई दिल्ली निवासी निखिल (23) एक फर्जी अस्थायी पास की मदद से उद्योग भवन में प्रवेश किया। सीआईएसएफ के जवानों ने उसे भवन के परिसर से पकड़ लिया। पूछताछ में निखिल ने बताया कि संगम विहार निवासी अक्षय ने कपड़ा मंत्रालय में एमटीएस के पद पर उसे नौकरी लगाने की बात कही थी। आरोपी अक्षय ने नौकरी लगवाने के नाम पर उससे 2.25 लाख ले लिए। यही नहीं अक्षय ने उसे फर्जी अस्थायी पास और एक ऑफर लेटर दिया। ये सब लेकर वह नौकरी का पता करने मंगलवार को उद्योग भवन आया था। संदिग्ध हालात में जब उसने उद्योग भवन में प्रवेश किया तो सीआईएसएफ के जवानों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस टीम आरोपी अक्षय व उसके साथियों की तलाश कर रही है। फर्जी पास देखने में बिल्कुल असली जैसा लग रहा है।



## बड़े भाई को रिश्ते की भनक लगने पर मार डाला कबूलनामा में उगले राज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी किशोर परिवार के लोगों के साथ मृतक को तलाशने का नाटक करता रहा। वह थाने में भी शिकायत करने गया।मंगरौली गांव में रविवार को अवैध संबंधों में कक्षा नौ के छात्र (15) ने चचेरे भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी के भाभी से अवैध संबंध थे। हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजकर चाकू बरामद कर लिया है। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि मंगरौली गांव में एक शख्स (28) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। उसकी पत्नी के किशोर के अवैध संबंध थे। इसका शक उसे पहले से था। घटना की रात जब आरोपी उसके साथ था तो पत्नी की वीडियो कॉल आ गई। इसका उसने विरोध किया तो आरोपी ने पहले उसे लोहे के बैरियर पर धक्का देकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद घर से चाकू लाकर हत्या कर दी और हाथ-मुंह धोकर भाभी से वीडियो कॉल पर बात करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी के मोबाइल को खंगाला तो घटना से पर्दा उठ गया। व्हाट्सएप पर किशोर व भाभी के बीच आपत्तिजनक बातचीत का पता चला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह भाभी से शादी करने के लिए जल्दीबाजी में था। कुछ दिन पहले मृतक ने भाभी से मारपीट की थी। यह बात उसे पता चल गई थी। इससे वह नाराज था। पुलिस को आरोपी देता रहा जानकारी एडिशनल डीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि वारदात के बाद आरोपी किशोर परिवार के लोगों के साथ मृतक को तलाशने का नाटक करता रहा। वह थाने में भी शिकायत करने गया। उसे लग रहा था कि पुलिस के साथ रहने से उस पर शक नहीं होगा। जब पुलिस ने सर्विलांस और फोन डिटेल के आधार पर आरोपी से पूछताछ की तो वह इधर-उधर की बात करने लगा। एक माह पहले हुई थी बेटी एक महीने पहले भाभी की दूसरी बेटी का जन्म हुआ था। शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। डेढ़ साल पहले आरोपी की भाभी से नजदीकी बढ़ी थी। चचेरा भाई शराब की लत के कारण इधर-उधर रहता था। जांच में पत्नी की कोई भूमिका सामने नहीं आई है। मामले में नामजद कराए गए छह आरोपियों को पुलिस ने छोड़ दिया है।



## धुंध की परत से दृश्यता घटी, 50 विमान और लंबी दूरी की 36 से अधिक ट्रेनें प्रभावित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली आने-जाने वाली 36 से अधिक ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर दृश्यता घटने से सामान्य परिचालन नहीं हो रहा है। सर्दी का असर दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में दिख रहा है। धुंध की परत से दृश्यता बिल्कुल घट गई है। सुबह के वक्त उत्तर भारत में चलने वाली 36 ट्रेन घंटों देरी से चली। रेल के साथ ही हवाई यातायात प्रभावित हुई। करीब 50 विमानों का संचालन देरी से हुआ। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर भारत के विभिन्न शहरों में बनी धुंध की परत का असर ट्रेनों का गति पर पड़ा। दिल्ली आने-जाने वाली 36 से अधिक ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर दृश्यता घटने से सामान्य परिचालन नहीं हो रहा है। ट्रेन लेट होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सहरसा-आनंद विहार स्पेशल, पुरुषोत्तम सुपरफास्ट, एपी एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, जम्मू मेल, अवध असम, पंजाब मेल, मालवा एक्सप्रेस, जम्मू राजधानी एक्सप्रेस, चंपारण हमसफर, स्वतंत्रता सेनानी, उत्तर संपर्क क्रांति, आनंद विहार-डिब्रूगढ़ स्पेशल, निजामुद्दील-जबलपुर समेत कई ट्रेन देरी से चली। मंगलवार को देरी से दिल्ली के स्टेशनों पर पहुंची कई ट्रेनों की वापसी बुधवार के लिए निर्धारित की गई है। ट्रेनों की लेटलतीफी की वजह से कई ट्रेनों को घंटों पुर्ननिर्धारित की जा रही है। इस कारण स्टेशन पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे व विमानन कंपनियों ने यात्रियों से अपील की है कि समय-सारणी पता करके ही एयरपोर्ट व स्टेशन पर पहुंचे।




## विधानसभा चुनाव से पहले दल-बदल के सियासी खेल ने पकड़ी रफ्तार, बागियों पर टिकी सभी की निगाहें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की सियासत में अभी से शह और मात का खेल शुरू है। विधानसभा चुनाव ऐलान के पहले ही दलबदल का सियासी खेल रफ्तार पकड़ रहा है। इस विधानसभा में बागियों पर सभी की निगाहें टिकी होंगी। दिल्ली की सियासत में अभी से शह और मात का खेल शुरू है। विधानसभा चुनाव ऐलान के पहले ही दलबदल का सियासी खेल रफ्तार पकड़ रहा है। इस विधानसभा में बागियों पर सभी की निगाहें टिकी होंगी। दरअसल ये बागी चुनाव को प्रभावित कर सकते है। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री कैलाश गहलौत के पार्टी बदलने पर यह चर्चा और कयास और तेज हो गए हैं। हालांकि अभी कई समीकरण चुनाव तक बनेंगे और बिगड़ेंगे। देखना दिलचस्प होगा कि ऊंट किस करवट बैठता है। इस विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बागी खेल बिगाड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। आप के आधा दर्जन मंत्री अभी तक पार्टी छोड़ चुके है वहीं कांग्रेस के कद्दावर नेताओं ने भी दल-बदल किया है। बागी नेताओं से अब तक तो तीन बार सरकार बनाने वाली आम आदमी पार्टी पर खास प्रभाव नहीं पड़ा है, क्योंकि आप के गठन के बाद से अब तक कई नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। इनमें योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, किरण बेदी और कुमार विश्वास शामिल हैं। लेकिन राजनीति के जानकारों का कहना है कि इनकी बढ़ती संख्या आगामी चुनाव में अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें जरूर बढ़ाएगी। क्योंकि इस बार सत्ता विरोधी बयार भी दिल्ली सरकार के खिलाफ देखने को मिल सकता है। एमसीडी में भी इस बार सत्ता में आम आदमी पार्टी ही है, लिहाजा उसमें नाकामी का ठीकरा भी आप के सिर फूट सकता है।



## नवंबर में हेमकुंड साहिब बर्फविहीन बदरीनाथ में भी बर्फ नहीं मौसम में आए बदलाव का दिख रहा असर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नवंबर माह में भी हेमकुंड साहिब बर्फविहीन है। बदरीनाथ में भी बर्फ नहीं दिखाई दे रही है। जबकि इस माह धामों में पहाड़ियां बर्फ से लकदक रहती थी। मौसम में आए बदलाव का असर उच्च हिमालयी क्षेत्रों में साफ दिख रहा है। अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में होने के बावजूद नवंबर माह में हेमकुंड साहिब इन दिनों बर्फविहीन है। यहां की चोटियों पर भी बर्फ नजर नहीं आ रही है। हेमकुंड साहिब का निरीक्षण कर लौटे गुरुद्वारे के सेवादार ने यह जानकारी दी। गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया, नवंबर माह समाप्त होने वाला है, लेकिन अभी तक हेमकुंड साहिब में बर्फ नहीं है। कपाट बंद होने के दिन यहां हल्की बर्फ गिरी थी, लेकिन उसके बाद से बर्फबारी नहीं हुई है। उत्तरकाशी जनपद में गंगोत्री धाम से लगी चोटियां अभी तक बर्फ विहीन हैं। यमुनोत्री धाम के आसपास की चोटियों सप्त ऋषि कुंड व बंदरपूंछ में नाममात्र की बर्फ है। कालिंदी पर्वत गरुड़ टाप, छोटा कैलाश, भीथाच, बंगाणी क्षेत्र बर्फ विहीन हैं। वहीं बदरीनाथ धाम की नीलकंठ, नर नारायण, माता मूर्ति मंदिर की शीर्ष चोटी के साथ ही वसुधारा ट्रेक बर्फ विहीन है। रुद्रप्रयाग में केदारनाथ, तुंगनाथ, मदमहेश्वर, कालीशिला, हरियाली डांडा, टँगनी बुग्याल, बेदनी बुग्याल, पौड़ी व ग्वालदम के ऊपरी क्षेत्र में बर्फ नहीं है।



## सेना भर्ती एक चूक ने खतरे में डाली कुमाऊं की कानून व्यवस्था, आठ दिन तक दफ्तर-दफ्तर भटका पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भर्ती के लिए परिवहन व्यवस्था के लिए लिखा गया पत्र आठ दिन दफ्तर-दफ्तर भटका। 11 नवंबर को लिखी पिथौरागढ़ के डीएम की चिट्ठी मंगलवार को मंडलीय प्रबंधक कार्यालय पहुंची प्रादेशिक सेना भर्ती के कारण दो दिन हंगामे की भेंट चढ़ गए। अभ्यर्थियों को पिथौरागढ़ तक पहुंचाने के लिए खड़ी हुई इस समस्या को परिवहन विभाग ने आमंत्रण दिया है। पिथौरागढ़ के डीएम विनोद गोस्वामी ने 11 नवंबर को पत्र लिखकर परिवहन निगम को आगाह कर दिया था। मगर यह पत्र ही दफ्तर-दफ्तर घूमते हुए नौवें दिन मंगलवार दोपहर बाद काठगोदाम के मंडलीय प्रबंधक कार्यालय पहुंचा। पिथौरागढ़ के डीएम ने यह पत्र प्रदेश के परिवहन निगम के महाप्रबंधक को भेजा था। इसमें बताया था कि पिथौरागढ़ मुख्यालय में सेना भर्ती में उत्तराखंड, यूपी समेत अन्य राज्य से अभ्यर्थी आएंगे। पिथौरागढ़ में मांग के हिसाब से बसों की संख्या बेहद कम है। इसलिए 12 नवंबर से 27 नवंबर तक टनकपुर और हल्द्वानी से पिथौरागढ़ के लिए अतिरिक्त बसें चलाएं।पत्र के अलावा महाप्रबंधक (प्रशासन) अनिल कर्बियाल को मेल से भी पूरी जानकारी दी गई और फोन कॉल करके भी। महाप्रबंधक कर्बियाल के मुताबिक उन्होंने महाप्रबंधक (संचालन) पवन मेहरा को आगे की कार्रवाई के लिए कह दिया था। पवन मेहरा ने मंगलवार शाम को अन्य डिपो को हल्द्वानी और टनकपुर में बसें उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखा। वहीं पिथौरागढ़ के डीएम के लिखे पत्र की कॉपी भी मंगलवार दोपहर बाद काठगोदाम स्थित मंडलीय कार्यालय पहुंची। यह कहां रुका रहा, कोई नहीं जानता। इसी चूक ने कानून व्यवस्था को खतरे में डाल दिया।हमें पहले से कोई सूचना नहीं थी। मंगलवार को ही डीएम पिथौरागढ़ का पत्र मिला है। अगर पहले सूचना मिलती तो हम अपने बेहतर प्रयास जरूर करते। - पूजा जोशी, मंडलीय प्रबंधक, काठगोदाम और टनकपुर। आर्मी के अधिकारियों के साथ हमारी बैठक हुई थी। इसके बाद परिवहन विभाग को पत्र लिखा था। यूपी जैसे बड़े राज्यों के युवाओं को लाने के लिए हल्द्वानी और टनकपुर में व्यवस्था करनी थी। दानापुर में भर्ती रद्द होने की वजह से पिथौरागढ़ में भीड़ और बढ़ी है। -विनोद गोस्वामी, डीएम, पिथौरागढ़



डाक पंजीयन नं.AD-326/2024-2026 -website:www.aadhuniksamachar.com- E-mail:-adhuniksamachar2024@gmail.com YouTube आधुनिक समाचार






# जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर जागरुकता शिविर का आयोजन संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा की समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिनकी जमानत माननीय उच्च न्यायालय



जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पाकशाला, लीगल ऐड क्लीनिक व काष्ठ प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया गया। सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। कारागार के चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान बन्दी रोगियों से होनी है तथा उनके पास अधिवक्ता न हो तो वह माननीय उच्च न्यायालय, विधिक सेवा समिति इलाहाबाद को प्रार्थना पत्र लिखकर निःशुल्क अधिवक्ता हेतु जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते है। दौरान निरीक्षण व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर हिमाशुँ रौतेला चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह व डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव उपस्थित रहे।

# 90 लीटर अवैध शराब जब्त कर 500 किलोग्राम लहन नष्ट कराया



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आज 19 नवम्बर 2024 को जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक सदर अखिलेश कुमार द्वारा थाना गुरुबक्शगंज की पुलिस टीम के साथ थाना गुरुबक्शगंज के अन्तर्गत ग्राम कोरिहर, घाटमपुर, मोती बाजार में अवैध कच्ची शराब बनाने/बेचने के अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान कुल 4 महिलाओं को गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया। प्रवर्तन कार्य के दौरान लगभग 90 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा मौके पर लगभग 500 किग्रा लहन नष्ट किया गया। 04 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैठक संपन्न



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालय एवं मोटर दुर्घटना सम्बन्धी अधिकाधिक वादों को निस्तारण कराये जाने हेतु अनुपमा गोपाल निगम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय व ध्रुव कुमार तिवारी, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के साथ बैठक अनुपम शौर्य, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गयी। अगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने व पिछलें लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किये।

# वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर शिविर का आयोजन संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में आवासित वृद्धजनों के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन आदि हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वृद्धजन आवास का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम से आवासित वृद्धों की देखभाल व खान-पान के सम्बन्ध में चर्चा की। निरीक्षण उपरांत वृद्धजनों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धाजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उक्त शिविर में वृद्धजनों को वृद्धा पेंशन, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनवाये जाने के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा अधीक्षक वृद्धाश्रम धनंजय सिंह को वृद्धजनों के उक्त कार्डों को अद्यतन किये जाने व बनवाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उक्त शिविर में स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।








# प्रदेश आस/पास



# भारत

## प्रदूषण के बढ़ते प्रभाव से मजदूरों की बढी परेशानियां

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (भूमि पुत्र )के राष्ट्रीय करिकारिणी के सदस्य व मजदूर नेता रवि राघव ने प्रदूषण के कारण निर्माण कार्य पर लगी रोक के कारण मजदूरों को हो रहे नुकसान के लिए मजदूरों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की । मजदूर नेता ने प्रदेश सरकार से मांग की कि उत्तर प्रदेश सरकार भी दिल्ली सरकार की तरह निर्माण कार्य मे लगे मजदूरों को पांच पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करे, इसके अलावा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी के हिसाब से जो भी नुकसान हो रहा है उसका आकलन कर उसकी भी भरपाई की जाय। मजदूर नेता रवि राघव ने कहा है कि मजदूर देश की रीढ़ की हड्डी है मजदूर खड़े हैं तो इमारतें खड़ी हैं, शहर खड़े हैं। इसलिए मजदूरों के सम्मान व हितों का ध्यान रखना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

## राजस्व टीम ने अवैध रूप से कब्जे की सरकारी जमीन को करवाया खाली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रायबरेली।** तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी ने बताया है कि ग्राम सन्दी नागिन परगना व तहसील-सदर रायबरेली की खतौनी में गाटा संख्या 447/1 0.069 व 447/2 रकबा 0.069 हे0 भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजर के रूप में अंकित है जिस पर रामकृष्ण पुत्र जागेश्वर निवासी ग्राम द्वारा टीन शेड व खूंटा गाड़कर उसमें जानवर आदि बांधकर उक्त गाटे पर अवैध रूप से कब्जा किया गया था, जिसे नायब तहसीलदार शमीम, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, लेखपाल सुशील बाजपेयी द्वारा लगभग 50 लाख रुपये की सरकारी जमीन पुलिस बल की उपस्थिति में खाली करायी गयी है।



## पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश- इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थानों पर सुनी जा रही जन शिकायतें- प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-20.11.2024 को श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।



## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2024



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी,अति विशिष्ट अतिथि विधायक माननीय डा. नीरज बोरा जी, विधायक गौरीगंज अमेठी माननीय राकेश प्रताप सिंह जी,उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग माननीय श्रीमती अपर्णा यादव जी,पूर्व मेयर माननीय संयुक्ता भाटिया जी,पूर्व विधायक माननीय श्री सुरेश चंद्र तिवारी जी,संस्था संरक्षक आदरणीय श्री मुकेश बहादुर सिंह जी, नीलांश ग्रुप के डायरेक्टर श्री संतोष श्रीवास्तव जी, श्री समीर शेख जी,पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री आदरणीय सुधाकर त्रिपाठी जी,स्थानीय पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी जी,पूर्व पार्षद कमलेश सिंह जी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## मगध एक्सप्रेस से उतरकर घर जा रहे युवक की गिरने से मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**विंध्याचल।** मगध एक्सप्रेस की जनरल बोगी में यात्रा के बाद रविवार को सुबह विंध्याचल स्टेशन पर उतरकर रेललाइन पार कर बाहर निकलते ही युवक अचानक गिर पड़ा। पुलिस उसे सीएचसी विंध्याचल ले गई। जहां डॉक्टर ने उसे घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। परिजनों को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी हुई तो कोतवाली पहुंचकर शिनाख्त की। नरोईया बाजार निवासी कन्हैया बिंद (35) दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। 16 नवंबर को नई दिल्ली से मिर्जापुर आने के लिए जनरल बोगी का टिकट लेकर मगध एक्सप्रेस से आए। रविवार को सुबह विंध्याचल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर गाड़ी खड़ी हुई तो कन्हैया ट्रेन से उतरकर पश्चिम दिशा की ओर पटेगरा नाला रेलवे पुल की तरह आ रहे थे। उसी दौरान अचानक जमीन पर गिर पड़े। राहगीरों की सूचना पर धाम चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय घटनास्थल पर पहुंचे। प्राइवेट साधन से सीएचसी विंध्याचल लेकर गए। जहां डॉ. राजीव पांडेय ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। सोशल मीडिया पर जारी फोटो से परिजनों ने पहचान की। परिजन पहले कोतवाली पहुंचे। थानाध्यक्ष चंद्र प्रकाश पांडेय ने बताया कि चक्कर आने पर गिरे एक युवक की मौत हुई है।

## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 2024 के उद्घाटन अवसर पर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी,अति विशिष्ट अतिथि विधायक माननीय डा. नीरज बोरा जी, विधायक गौरीगंज अमेठी माननीय राकेश प्रताप सिंह जी,उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग माननीय श्रीमती अपर्णा यादव जी,पूर्व मेयर माननीय संयुक्ता भाटिया जी,पूर्व विधायक माननीय श्री सुरेश चंद्र तिवारी जी,संस्था संरक्षक आदरणीय श्री मुकेश बहादुर सिंह जी, नीलांश ग्रुप के डायरेक्टर श्री संतोष श्रीवास्तव जी, श्री समीर शेख जी,पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री आदरणीय सुधाकर त्रिपाठी जी,स्थानीय पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी जी,पूर्व पार्षद कमलेश सिंह जी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।


## सदर तहसीलदार के स्थानांतरण को लेकर अधिकताओं ने किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** तहसील सदर में बुद्धवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन के द्वारा तहसीलदार सदर का स्थानांतरण कर उनके न्यायिक व प्रशासनिक कार्य का जाँच कराये जाने सम्बन्धित पत्रक जिलाधिकारी सोनभद्र को दिया गया साथ ही साथ जब तक तहसीलदार सदर का स्थानांतरण नहीं होता उनके न्यायालय के बहिष्कार का भी निर्णय लिया गया।बतादें कि 16नवम्बर को तहसीलदार सदर के खिलाफ भ्रष्टाचार से सम्बन्धित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त विंध्याचल मण्डल के समक्ष शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था किन्तु अब तक कोई कारवाई न होने के कारण अधिवक्ता और वादकारी में क्षोभ ब्याप्त है।जिसके कारण उनके न्यायालय का अनिश्चित कालीन बहिष्कार होना सुनिश्चित है।सोनभद्र बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय नें बताया कि जब तक तहसीलदार का स्थानांतरण अन्य जगह नहीं हो जाता तब तक उनके न्यायालय के बहिष्कार का निर्णय लिया गया है।इस दौरान अधिवक्ताओं द्वारा तहसीलदार का विरोध प्रदर्शन कर नारे बाजी किया गया।प्रदर्शन के दौरान राकेशशरण मिश्र नें बताया कि सदर तहसील आदर्श तहसील है, जहाँ भ्रष्ट अधिकारी का होना सरकार के पारदर्शिता पर कुठाराघात है। मौके पर विनोद कुमार शुक्ल, मनीष चतुर्वेदी, शक्तिसेन, योगेश द्विवेदी, पवन सिंह,पंकज सिंह यादव, सुनील सिंह,वीरेंद्र सिंह, अखिलेश पाण्डेय आदि अधिवक्ता मजूद रहे।












# कॉँग्रेशियो ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की मनाई जयंती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मंगलवार को जनपद सोनभद्र के जिला /शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई शहर कांग्रेस कमेटी सोनभद्र के अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष पीसीसी सदस्य जिला कोषाध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने चित्र पर स्थापित किया उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पीटकर श्रद्धा सुमन अर्पित की शहर अध्यक्ष राजू त्रिपाठी ने इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने आजादी की लड़ाई से लेकर भारत के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, कहा कि गांधी ने पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए पूर्वी पाकिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान द्वारा पूर्वी पाकिस्तान के नागरिकों पर अनेक तरीके का जुल्म और अत्याचार का जो घिनौना कुकृत्य किया वह इंदिरा गांधी को नागवार लगा और उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करते हुए पूर्वी पाकिस्तान को अलग कर एक अलग देश स्थापित किया जो आज बांग्लादेश के नाम से मशहूर है प्रदेश सचिव इंजीनियर जितेंद्र पासवान ने कहा कि इंदिरा गांधी ने भारत देश के अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और भूमिहीन लोगों को आवश्यक भूमि पट्टा कर उनको मुख्य धारा से जोड़ने और गरीबी हटाने का प्रशंसनीय कार्य किया कार्यवाहक अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने कहा कि गांधी आयरन लेडी के नाम से मशहूर थी और उन्होंने पूरे विश्व में अपने नेतृत्व का डंका बजाया और 104 देशों की राष्ट्राध्यक्ष बनने का भी गौरव प्राप्त किया आज हम सभी लोग उनके जन्मदिन के अवसर पर भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित करते हैं कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, प्रदेश सचिव इंजीनियर जितेंद्र पासवान, कार्यवाहक अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद, राजबली देव पांडे, गोपाल स्वरूप पाठक, वशिष्ठ कुमार विमल, प्रांजल श्रीवास्तव, रामकेश पनिका, लल्लू राम पांडे, श्रीकांत मिश्रा, मृदुल मिश्रा, सेवा दल के शहर अध्यक्ष शैलेंद्र चतुर्वेदी आदि लोग उपस्थित रहे।



# पी0एम0के0के0के0वाई0 योजनान्तर्गत जिले की स्वयं सहायता समूहों द्वारा किये गये उत्पादों की प्रदर्शनी लगाने हेतु नई दिल्ली प्रगति मैदान हेतु जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर टीम किये रवाना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास, सोनभद्र के माध्यम से पी0एम0के0के0के0वाई0 के अन्तर्गत एस0एच0जी0 के उत्पादों की प्रगति मैदान (आई0टी0पी0ओ0) नई दिल्ली में प्रदर्शनी हेतु टीम रवानगी किया गया। जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह द्वारा खनिज विभाग, सोनभद्र से जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास, सोनभद्र के माध्यम से पी0एम0के0के0के0वाई0 के अन्तर्गत जनपद-सोनभद्र के स्वयं सहायता समूहों को सहयोग प्रदान कर बनाये गये उत्पादों की प्रदर्शनी हेतु 21 नवम्बर,2024 से 27 नवम्बर,2024 तक प्रगति मैदान (आई0टी0पी0ओ0) नई दिल्ली में लगाने हेतु स्वयं सहायता समूहों की टीम की रवानगी की गयी। डी0एम0एफ0 के सहयोग से स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों ड्रैगनफ्रूट, मशरुम, बांस से बने प्रोडक्ट व बकरी के दूध का साबुन, शहद के प्रदर्शनी लगायी जायेगी। इस मौके पर खान निरीक्षक, लेखाकार व डी0एम0एम0-एन0आर0 एल0एम0 उपस्थित थे।



# जनपद सोनभद्र में थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत सेन्ट जॉसेफ स्कूल रॉबर्ट्सगंज मे आयोजित पुलिस की पाठशाला में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर जागरूक किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** दिनांक-20.11.2024 को सेन्ट जॉसेफ पब्लिक स्कूल रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र में पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमें श्री कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जनपद सोनभद्र द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कानून के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयी । उन्होने छात्र-छात्राओं से कानून के दायरे में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने की जरूरत पर जोर दिया । इसी के साथ पुलिस की कार्यप्रणाली पर विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें। यदि उनके रास्तें में कोई शरारती तत्व गतिरोध करने का प्रयास करता है, तो उसका डटकर मुकाबला करें। छात्राएं देश में ही नहीं बल्कि विश्व में अपने दम पर परचम लहरा रही हैं। वह किसी से डरे नहीं। साथ ही किसी भी आपात स्थित में छात्र/छात्राओं को संचालित विभिन्न हेल्पलाईन नंबरों-112, 1090, 108, 181, 1076, 1098, 102 इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस पास के लोगों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके। कोई भी छात्र-छात्रा ऐसी पोस्ट का सोशल मीडिया इस्तेमाल करते समय विशेष सतर्कता बरते तथा ऐसी कुछ भी पोस्ट वायरल न करें जिससे उन्हें और उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी हो इस दौरान इस आजोयन से छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ा तथा पुलिस के प्रति दृष्टिकोण भी बदला। ऐसी पाठशालाओं के आयोजन से कानून का ज्ञान होता है। मनुष्य अपराध करने से बचता है। इससे पुलिस और जनता के बीच का डर भी दूर होगा। लोग कानून को भली भांति समझ सम्मान करते हुए दायित्व निभाएंगे। जिससे हम और हमारा समाज अपराधमुक्त होगा। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष महिला थाना रॉबर्ट्सगंज, प्रधानाचार्य, टीचर्स आदि मौजूद रहे।




# भ्रष्टाचार मुक्त हो प्रदेश के न्यायालय और तहसील--राकेश शरण मिश्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने प्रदेश के न्यायालयो एवं तहसीलों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायालय की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा किया है। इस संबंध में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रदेश के न्यायालयो और तहसीलो में व्याप्त भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी पर कड़ाई से रोक लगाने की मांग की है। श्री मिश्र ने अपने पत्र में लिखा है कि ये बहुत ही दुखद और शर्मनाक स्थिति है कि न्याय का मंदिर कहा जाने वाला न्यायालय जहां अपने हक और अधिकार के लिए शोषित पीड़ित और परेशान आमजन अपना मुकदमा दाखिल करते हैं वहां मुकदमे को दाखिल करने से लेकर उसकी सुनवाई तक वादकारियो को अच्छा पैसा रिश्वत के रूप में देना पड़ता है। जिसके कारण बहुत से आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब लोग न्याय पाने से वंचित हो जाते हैं क्योंकि उनके पास रिश्वत देने के लिए पैसा नही होता। श्री मिश्र ने कहा है कि न्यायालयो में मुकदमों की संख्या बढ़ने का एक बहुत बड़ा कारण भ्रष्टाचार और रिश्वत खोरी है और यदि इस पर आप द्वारा किसी प्रकार रोक लगा दिया जाए तो वाद कारियो को अत्यधिक राहत मिल सकेगी। श्री मिश्र ने मांग किया है कि कम से कम न्यायालय और तहसील परिसर को भ्रष्टाचार मुक्त करने हेतु आवश्यक और कठोर कदम उठाने की कृपा करे जिससे आमजन का न्यायालय के प्रति सम्मान और विश्वास कायम हो सके। साथ ही श्री मिश्र ने यह भी मांग किया है कि प्रदेश के सभी न्यायालय में और तहसीलों में सी सी टी वी कैमरा युक्त करवाए जाएं जिससे न्यायालय और तहसील में किए जा रहे कार्यो की पारदर्शिता कायम हो सके।



# 21नवम्बर को देवो महेश कॉँलेज आफ इन्जिनीयरिगं मे रोजगार मेले का हो आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है कि रोजगार मेला का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए 21 नवम्बर,2024 को प्रातः 10.00 बजे से देवो महेश कॉलेज ऑफ इन्जिनीयरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, सुकृत, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 12 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम (सोनभद्र डिपो) में संविदा पर चालक की भर्ती, विजन इण्डिया सर्विसेज प्रा0 लि0 (हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0, रेनूकुट, सोनभद्र वांछित योग्यता आई0टी0आई0 फीटर, वेल्डर, मैकेनिक एवं इंस्ट्रुमेन्ट), लैट्रीक स्टाफींग, नोएडा, वृतिका एडवरटाईजिंग, चुर्क, सोनभद्र, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि0, वाराणसी, शिव शक्ति एग्रीटेक लि0, वाराणसी, नुमैक्स स्कील एवं मैनेजमेन्ट, न्यू दिल्ली, वॉकरू इण्टरनेशनल प्रा0 लि0, कोयम्बटूर, डीसेट्स, फरीदाबाद, एल0आई0सी0, राबर्ट्सगंज, वेक्सला इण्डिया टेक्नीकल प्रा0 लि0, मिर्जापुर सीस, सिंगरौली इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा देवो महेश कॉलेज ऑफ इन्जिनीयरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, सुकृत, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में लिया जायेगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। इस हेतु कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है कि रोजगार मेला का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए 21 नवम्बर,2024 को प्रातः 10.00 बजे से देवो महेश कॉलेज ऑफ इन्जिनीयरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, सुकृत, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 12 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम (सोनभद्र डिपो) में संविदा पर चालक की भर्ती, विजन इण्डिया सर्विसेज प्रा0 लि0 (हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0, रेनूकुट, सोनभद्र वांछित योग्यता आई0टी0आई0 फीटर, वेल्डर, मैकेनिक एवं इंस्ट्रुमेन्ट), लैट्रीक स्टाफींग, नोएडा, वृतिका एडवरटाईजिंग, चुर्क, सोनभद्र, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि0, वाराणसी, शिव शक्ति एग्रीटेक लि0, वाराणसी, नुमैक्स स्कील एवं मैनेजमेन्ट, न्यू दिल्ली, वॉकरू इण्टरनेशनल प्रा0 लि0, कोयम्बटूर, डीसेट्स, फरीदाबाद, एल0आई0सी0, राबर्ट्सगंज, वेक्सला इण्डिया टेक्नीकल प्रा0 लि0, मिर्जापुर सीस, सिंगरौली इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा देवो महेश कॉलेज ऑफ इन्जिनीयरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, सुकृत, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र के परिसर में लिया जायेगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। इस हेतु कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

# शीतलहर एवं घने कोहरे के दृष्टिगत सभी विभाग सभी आवश्यक तैयारियां ससमय करें पूर्ण-जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र जंगलों आदि से घिरे होने के कारण प्रायः जनपद के अधिकांश क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाएं, अग्निकाण्ड इत्यादि अनेक प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होने की स्थित बनी रहती हैं, उक्त के दृष्टिगत व्यापक रूप में होने वाली जन-धन की हानि को न्यूनतम करने हेतु विभागवार कार्य ससमय पूर्ण किया जायें, लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की मरम्मत एवं अन्य कार्य-सड़को में बने गड्ढों का मरम्मत कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाये, साथ ही डिवाइडर की मरम्मत एवं मानक के अनुसार उनका रंग-रोगन कार्य किया जाये, विभिन्न प्रकार के सड़क की सतह का अंकन रोड सरफेस मार्किंग गतिरोधक जेब्रा क्रांसिंग आदि पर पेंटिग का कार्य निर्धारित मानक के अनुसार सुनिश्चित हों, सड़को के किनारे रेडियम पट्टी, दिशा परिर्वतन सूची आदि कार्य कराये तथा अति संवेदनशील स्थल जहॉ पर प्रायः दुर्घटनाएं होती हों, को सूचीबद्ध कर दुर्घटना अवरोधक/रक्षात्मक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़को एवं मोहल्लों में स्थापित प्रकाश बिन्दु जो कि खराब व क्षतिग्रस्त हैं, उन्हे तत्काल ठीक करायें व रोड लाईट का प्रयोग अधिक हो यह सुनिश्चित किया जाये, साथ ही निर्धारित समयानुसार उनके चालू एवं बन्द होने का कार्य सुनिश्चित हों, वाहनों पर चेतावनी स्टीकर (रेडियम)-समस्त वाहनों (चार पहिया, दो पहिया, टैड्रक्टर ट्राली, कम्बाइन हार्वेस्टर, स्कूल वाहन, ट्रक, टैम्पों, परिवहन निगम एवं अनुबन्धित बसों पर), एवं नगर निकायों में स्थित टैक्सी स्टैण्डों पर आ रहे वाहनों पर रिफ्लेक्टर नारंगी रंग का चेतावनी स्टीकर (रेडियम) लगवाना सुनिश्चित करें, जिससे कि वाहनों के मध्य उचित दूरी बनी रहे तथा दुर्घटनाओं को न्यून किया जा सके। अलाव एवं कम्बल की व्यवस्था- शासन के सहयोग से महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जानी है। ऐसे स्थलों को चिन्हित कर सूचीबद्ध कर लें एवं जिन स्थानों पर अलाव जलाये जाने है उस स्थल का नाम अक्षांश व देशान्तर के साथ उपलब्ध करायें, साथ ही अपने कार्यक्षेत्र में लेखपाल/ग्राम विकास अधिकारी/सुपर वाइजर के माध्यम से स्वैच्छिक संगठनों व सामाजिक कार्य में रूचि रखने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए स्वेच्छा से आवश्यक स्थलों पर अलाव जलवाने तथा निराश्रितों को कम्बल वितरण हेतु प्रेरित करें। रैन बसेरों की सफाई एवं आवश्यक संसाधन-विभाग द्वारा संचालित रैन बसेरों की सफाई एवं आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि समस्त रैन बसेरे गुणवत्तापूर्ण ढंग से 24ग7 क्रियाशील रहें एवं समस्त तहसीलों में पूर्व से स्थापित बन्दीगृह का उपयोग अस्थायी रैन बसेरा के रूप में सुनिश्चित किया जायेगा, अग्निकाण्ड- प्रायः ग्रामीण अंचल में ग्रामीणो द्वारा जलाये जाने वाले अलाव को ठीक ढंग से न बुझाने के कारण अग्निकाण्ड की घटनाएं घटित हो जाती हैं। उक्त के दृष्टिगत अग्निशमन विभाग द्वारा मुख्यालय एवं तहसीलों में स्थापित उप केन्द्रों को आवश्यक संसाधनो सहित 24 घण्टे क्रियाशील रखा जाये, साथ ही लेखपाल/ग्राम विकास अधिकारी के माध्यम से ग्राम स्तर पर बैठक आयोजित कर अग्नि से बचाव हेतु नागरिकों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि शीतलहर के कारण आम जन को अनेक प्रकार की बीमारियॉ होने की संभावना बढ़ जाती हैं, विशेषकर सर्दी, जुकाम, बुखार, पेट सम्बन्धी बीमारी आदि से बचाव हेतु समस्त पी0एच0सी0ध्सी0एच0सी0, एवं जिला मुख्यालय पर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हो तथा स्वास्थ्य केन्द्रों को किसी भी प्रकार की घटना घटित होने पर 24 घण्टे क्रियाशील रहने हेतु निर्देशित किया गया है। शीतलहर में प्रायः पशुओं को विशेषकर उनके बछड़ों को न्यूमोनिया, डायरिया इत्यादि तथा टीकाकरण न होने के कारण खुरपका, मुॅहपका बीमारी होने की संभावना बनी रहती है। पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से संचालित किये जाय। साथ ही पशु केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं का भण्डारण सुनिश्चित हो। पशु चिकित्सकों के माध्यम से ग्र्रामीणो को पशुओ की सुरक्षा एवं शीतलहर से बचाव हेतु जागरूक किये जाय। विद्यालयों में विद्यार्थियों को शिक्षकों के माध्यम से ठण्ड से बचाव हेतु किये जाने वाले उपायों, खान-पान के विषय में प्रशिक्षित व जागरूक किये जाये, साथ ही उक्त जानकारी पोस्टर/दिवाल लेखन पर चित्रण इत्यादि के माध्यम से प्रदर्शित किये जाये।


# मिशन शक्ति अभियान के पाँचवे चरण का संचालन किया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र शैलेन्द्र यादव ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की कार्ययोजना वर्ष 2024-2025 के क्रियान्वयन के क्रम में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र रवीन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 19.11.2024 को प्रातः 11.00 बजे ङ्खमिशन शक्ति अभियानङ्ख के पॉचवें चरण के संचालन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाालम्बन विषय पर विमला इण्टरमीडिएट कालेज राबर्ट्सगंज, सोनभद्र में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन आकाश कुमार असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, सोनभद्र्र द्वारा किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय के उपप्रधानाचार्या श्रीमती अंजना सिंह, प्राधानाचार्य प्रशान्त देव पाण्डेय इत्यादि अध्यापक/अध्यापिका एवं विद्यालय की 61 छात्राएं उपस्थित रहें। शिविर में उपस्थित सभी बालिकाओं को दहेज प्रतिषेध कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005, लैंगिक अपराधों से संरक्षण, कार्यस्थल पर यौन शोषण संबंधी अधिनियम, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, गिरफ्तारी से पूर्व गिरफ्तारी के समय एवं उसके बाद महिलाओं के अधिकार संबंधी प्रावधान व कानून, पूर्वगर्भाधान और प्रसवपूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 अधिनियम की धारा 12 के अन्तर्गत महिलाओं को निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के अधिकार के बारे में उन्हे जागरूक किया गया। तथा महिला हेल्पलाइन नं0 1090 एवं नालसा पोर्टल 15100 हेल्पलाइन नं0 एवं विभिन्न साइबर अपराध के बारे में भी जागरूक किया गया।




# शिव पार्वती मंदिर शिवद्वार में मंदिर समिति द्वारा शासकीय समिति बनाने कि मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**घोरावल/ सोनभद्र।** घोरावल तहसील में स्थित जनपद का अति लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध मंदिर शिवद्वार धाम के देखभाल, पूजापाठ,रखरखाव,सफाई,विकास आदि के कार्य करने हेतु तत्कालीन जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा बनाई गई संस्था शिव पार्वती प्राचीन काशी सेवा समिति ग्राम पंचायत सत्तद्वारी( शिवद्वार ) हैं जिसके अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्र द्वारा मंदिर समिति के साथ प्रशासनिक कमेटी बनाने का पारित प्रस्ताव कि प्रति संलग्न कर जिलाधिकारी सोनभद्र के समक्ष दिनांक 31/1/2023 को देकर मांग किया गया जिसका विस्तृत जांच उप जिलाधिकारी महोदय घोरावल से कराया गया जिसमे एसडीएम द्वारा एसटी जांच कर निर्णय कापी जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसमे अवगत कराते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय घोरावल पत्रांक संख्या 30( 5)/ आ द लि द विविध/2023 दिनांक 30.1.2023 को प्रश्नगत प्रकरण में उभय पक्षों द्वारा प्रस्तुत लेखिय/प्रलेखीय,अभिलेखीय साक्ष्य को परिशिलन किया गया जहा एक ओर शिव पार्वती मंदिर सेवा समिति का रजिस्ट्रेशन हैं जिसे 19.8.2018 से पांच वर्ष के लिए नवीनीकृत किया गया है। वही उसी मंदिर के संबंध में शिव पार्वती प्राचीन काशी सेवा समिति के नाम से दूसरा रजिस्ट्रेशन 6.9.2021 को किया गया है। इस स्थिति में दोनो समितियों के मध्य स्वत्व को लेकर विवाद कि स्थिति उत्पन्न हो गया है क्योंकि प्रश्नगत प्रकरण स्वत्व से संबंधित हैं और स्वत्व का वर्तमान में वाद राजस्व परिषद प्रयागराज में विचाराधीन हैं। अतः इस प्रकरण से कोई भी निर्णय लिया जाना विधि सम्मत नहीं है। उभय पक्ष चाहे तो सक्षम न्यायालय में अनूतोष प्राप्त कर सकते हैं। उक्त विष्यांकित निर्णय कापी प्रेषित करने के पश्चात राजस्व परिषद प्रयागराज में विचाराधीन वाद में मुद न द एस ए/1215/2018 संतराम गिरि बनाम सरकार आदि में अपील लम्बन काल के दौरान मंदिर के हितबद्ध संस्था होने के हैसियत से शिव पार्वती प्राचीन काशी सेवा समिति द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार आदि कि ओर से तीसरा पक्षकार बनकर वाद का निस्तारण 31.11.2023 को कराया गया। पारित निर्णय कापी संलग्न हैं। शिव पार्वती मंदिर सेवा समिति 18.8.2018 से पांच वर्ष के लिए नवीनीकृत किया गया था जिसका रजिस्ट्रेशन समाप्त हो चुका हैं नवीनीकरण अवधि समाप्त होने के प्रमाण में नवीनीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए शिव पार्वती प्राचीन काशी सेवा समिति कि ओर से जिलाधिकारी सोनभद्र से मंदिर समिति के साथ प्रशासनिक उप कमेटी बनाकर संस्था का संचालन करने हेतु मांग किया गया उक्त प्रकरण में कार्यवाही न होने व किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा सिथिलता बरते जाने कि स्थिति में प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित किया जा सकता हैं। उक्त प्रार्थना पत्र को भारतीय डाक घोरावल सेंं ळ107298051घ्‍ दिनांक 20.11.2024 को भेजा गया है।



# स्पोर्ट्स



साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को रौंदकर की वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी, भारत को इतने अंतर से पछाड़ा



## द्रविड़ ने गिल को ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान नंबर तीन पर उतारने का समर्थन किया, बोले- वह शानदार खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गिल को टेस्ट में उस स्थान पर खिलाया जाता है जहां कभी चेतेश्वर पुजारा जैसे अनुभवी बल्लेबाज उतरा करते थे। गिल ने ऑस्ट्रेलिया में ओपनर के तौर पर सफलता हासिल की है, लेकिन अब उन्हें एक नए स्थान पर अपना जलवा दिखाना होगा। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान शुभमन गिल को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारने का समर्थन किया है। गिल चोटिल होने के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले में नहीं खेलेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पर्थ में पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। विश्व टेस्ट चैंपियनशपि (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज काफी मायने रखती है। भारत को अगर डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से हराना होगा। गिल को टेस्ट में उस स्थान पर खिलाया जाता है जहां कभी चेतेश्वर पुजारा जैसे अनुभवी बल्लेबाज उतरा करते थे। गिल ने ऑस्ट्रेलिया में ओपनर के तौर पर सफलता हासिल की है, लेकिन अब उन्हें एक नए स्थान पर अपना जलवा दिखाना होगा। द्रविड़ का मानना है कि गिल तीसरे नंबर पर पुजारा और उनकी कमी को पूरा करेंगे। द्रविड़ ने कहा, गिल शानदार खिलाड़ी हैं, पिछली बार उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में काफी सफलता हासिल की थी। सभी लोग ऋषभ पंत की 89 रन की पारी की चर्चा करते हैं, जो सही भी है, लेकिन गिल ने पांचवें दिन 91 रन की पारी खेली थी, इसलिए वह भी बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मेरे और पुजारा की तुलना में वह अलग तरीके से बल्लेबाजी करते हैं, लेकिन अच्छे खिलाड़ी हैं। गिल इस सीजन अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने 10 मैचों की 19 पारियों में 47 के अधिक के औसत से 806 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और इतने ही अर्धशतक लगाए हैं। उनका निजी स्कोर नाबाद 119 रहा है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए गिल ने 14 मैचों में 42.09 के औसत से 926 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक शामिल हैं। द्रविड़ ने साथ कहा कि सीरीज के दौरान भारत के शीर्ष चार बल्लेबाजों का रन बनाना महत्वपूर्ण है। शीर्ष चार बल्लेबाजों में रोहित शर्मा और विराट भी शामिल हैं जो न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई टेस्ट सीरीज में विफल रहे थे। द्रविड़ ने कहा, शीर्ष क्रम का रन बनाना जरूरी है। भले ही इन चार में से कोई भी रन बनाए वो मायने नहीं रखता। आपको इस सीरीज के दौरान शीर्ष चार में से एक या दो बल्लेबाजों से बड़ी पारी देखनी होगी। ऑस्ट्रेलिया में यह काफी मदद करेगा। ऑस्ट्रेलियाई परिस्थिति में अगर शीर्ष चार में से कोई बल्लेबाज शुरुआत में अच्छी पारी खेलता है तो टीम उस मैच में अपना पलड़ा भारी रख सकती है।



## आईपीएल नीलामी में उतरने वाले पांच उम्रदराज खिलाड़ी, जेम्स एंडरसन ने अमित मिश्रा को पीछे छोड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के लिए खिलाड़ियों की मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के शहर जेद्दाह में होगी। इस बार कुल 1574 खिलाड़ियों ने इसके लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन कुल 574 खिलाड़ियों को चयनित किया गया जिनमें से 366 भारतीय और 208 विदेशी खिलाड़ी, जबकि तीन सहयोगी राष्ट्र के हैं। आईपीएल 2025 के लिए खिलाड़ियों की मेगा नीलामी अब से कुछ ही दिन बाद सऊदी अरब के शहर जेद्दाह में होगी। आईपीएल में इस बार भी फ्रेंचाइजी युवा खिलाड़ियों के साथ ही कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को टीम में शामिल करना चाहेगी। इस बार इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भी नीलामी में शामिल होंगे और देखना दिलचस्प होगा कि कौन सी टीम उनके लिए बोली लगाती है। आईपीएल 2025 के लिए खिलाड़ियों की मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के शहर जेद्दाह में होगी। इस बार कुल 1574 खिलाड़ियों ने इसके लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन कुल 574 खिलाड़ियों को चयनित किया गया जिनमें से 366 भारतीय और 208 विदेशी खिलाड़ी, जबकि तीन सहयोगी राष्ट्र के हैं। इर बार कुल 330 अनकैप्ड खिलाड़ी भी अपनी अपनी किस्मत आजमाएंगे जिसमें से 318 भारतीय और 12 विदेशी खिलाड़ी हैं। सभी 10 फ्रेंचाइजी 204 खाली स्थानों के लिए बोली लगाएंगी जिसमें से 70 विदेशी खिलाड़ी होंगे। खिलाड़ियों को रिटेन करने के बाद सभी 10 फ्रेंचाइजी के पास कुल 641.5 करोड़ रुपये उपलब्ध हैं। पिछली बार मिनी नीलामी में टीमों ने कुल 230.45 करोड़ रुपये खर्च किए थे। जाहिर है कि इस बार यह आंकड़ा बढ़ेगा। पिछली बार जब बड़ी नीलामी हुई थी तो उस वक्त टीमों ने 551.7 करोड़ रुपये लुटाए थे। इस बार यह देखना दिलचस्प होगा कि सभी फ्रेंचाइजी कुल कितनी रकम खिलाड़ियों पर लुटाती हैं। आइए जानते हैं आईपीएल नीलामी में उतरने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी कौन हैं अनुभवी स्पिनर प्रवीण तांबे आईपीएल इतिहास में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी है जो नीलामी में बिके थे। 2020 में 48 साल दो महीने और 11 दिन की उम्र में प्रवीण आईपीएल नीलामी में बिके थे। उस समय कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 20 लाख रुपये में तांबे को खरीदा था। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी ब्रैड हॉग हैं जिन्हें 2015 में केकेआर ने 50 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर हॉग की उम्र उस वक्त 44 साल 10 दिन थी। इस बार नीलामी में जेम्स एंडरसन भी शामिल होंगे। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले एंडरसन 41 साल के हैं और वह नीलामी में शामिल होने वाले तीसरे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। उन्होंने इस मामले में भारत के स्पिनर अमित मिश्रा को पीछे छोड़ा जो 2023 में 40 साल 29 दिन की उम्र में आईपीएल नीलामी में शामिल हुए थे। उस वक्त मिश्रा को लखनऊ सुपरजाएंट्स ने 50 लाख रुपये में खरीदा था। श्रीलंका के पूर्व दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन भी इस लिस्ट में शामिल हैं। उन्हें 2012 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 39 साल नौ महीने 18 दिन की उम्र में 1.12 करोड़ रुपये में खरीदा था।



## भारतीय टीम ने टेस्ट सीरीज से पहले पर्थ स्टेडियम में किया अभ्यास, स्लिप कैचिंग ध्यान केंद्रित किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोहली ने काफी देर तक अभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने शानदार कैच पकड़ी, जबकि पडिक्कल ने एक हाथ से कैच लपका। हालांकि, मौसम ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र को प्रभावित किया, लेकिन जैसे ही इसमें सुधार हुआ खिलाड़ी दोबारा अभ्यास के लिए मैदान पर उतरे।भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व पर्थ स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। भारतीय टीम का ट्रेनिंग सत्र में ध्यान फील्डिंग पर केंद्रित था। फील्डिंग कोच टी. दिलीप के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ियों ने स्लिप कैचिंग का अभ्यास किया जो ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में काफी महत्वपूर्ण है। इस दौरान विराट कोहली, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान और देवदत्त पडिक्कल ने स्लिप में कैच पकड़ने का अभ्यास किया। कोहली ने काफी देर तक अभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने शानदार कैच पकड़ी, जबकि पडिक्कल ने एक हाथ से कैच लपका। हालांकि, मौसम ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र को प्रभावित किया, लेकिन जैसे ही इसमें सुधार हुआ खिलाड़ी दोबारा अभ्यास के लिए मैदान पर उतरे। अभ्यास के दौरान फील्डिंग ड्रिल्स, वॉर्म-अप किए गए, जबकि कोहली की अगुआई में खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेलने का आनंद भी उठाया। नेट पर बल्लेबाजी के दौरान केएल राहुल और यशस्वी ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंदों को छोड़ते दिखाई दिए। नई गेंद का सामना करने के दौरान ऐसी गेंदों को छोड़ना महत्वपूर्ण है। कोहली और पडिक्कल ने बैकफुट स्ट्रोक खेलने पर ध्यान केंद्रित किया। कोहली ने इस दौरान शानदार कवर ड्राइव भी खेला। निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरे ध्रुव जुरेल ने अपर कट और आक्रामक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया। वह छठे नंबर के लिए मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। इस बीच, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने अपना समय बल्लेबाजी करने के साथ ही पिच का निरीक्षण करने पर बिताया। उनका ध्यान अपनी ऑलराउंड जिम्मेदारियों को पूरा करने पर है। माना जा रहा है कि नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में जसप्रीत बुमराह पहले टेस्ट में भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। वह अभ्यास सत्र के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप के साथ चर्चा करते दिखे। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और सुब्रतो बनर्जी ने ट्रेनिंग सत्र के गौर से देखा।



## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत को कैसे मिल सकती है सफलता तेज गेंदबाज बुमराह ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बुमराह नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से होने वाले पहले टेस्ट मैच में टीम की कमान संभालेंगे। रोहित पितृत्व अवकाश पर हैं। भारतीय टीम के उपकप्तान और स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले सफलता का मंत्र दिया है। भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने पर लगी होंगी। पिछले दो दौरों पर बुमराह ने अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन इस बार टक्कर जोरदार होने की उम्मीद है क्योंकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से टेस्ट सीरीज गंवाकर ऑस्ट्रेलिया आई है। बुमराह इस सीरीज में ना सिर्फ तेज गेंदबाजी की अगुआई करेंगे, बल्कि टीम के उपकप्तान की भूमिका भी निभाएंगे। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज से पहले



बुमराह ने एक साक्षात्कार में बताया कि खुद पर भरोसा होना ही भारत के लिए सफलता का मंत्र है और किसी भी परिस्थिति में यही मायने रखता है। बुमराह ने कहा कि टीम अपने आत्मविश्वास पर भरोसा करेगी और सीरीज से पहले ड्रेसिंग रूम के अंदर यह मुख्य बातचीत रही है बुमराह का मानना है कि अगर खुद पर ध्यान केंद्रित रखेंगे तो आप अच्छे स्थान पर होंगे और शेष चीजें अपने आप ठीक होंगी। बुमराह ने कहा, किसी भी परिस्थिति में खुद पर भरोसा काफी महत्वपूर्ण होता है। यह ऐसी चीज है जिस पर हम निर्भर हैं और हमारी टीम के अंदर भी यही बातचीत हो रही है। जब आप खुद पर और अपनी तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो यह आपको अच्छी स्थिति में ले आता है और सभी चीजें खुद सही हो जाती हैं। बुमराह नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से होने वाले पहले टेस्ट मैच में टीम की कमान संभालेंगे। रोहित पितृत्व अवकाश पर हैं। उनकी पत्नी रितिका ने हाल ही में बेटे को जन्म दिया था। माना जा रहा है कि रोहित एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे और पर्थ टेस्ट में हिस्सा नहीं लेंगे। बुमराह ने 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टीम का नेतृत्व किया है और सीमित ओवर के प्रारूप में भी वह टीम की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## आईपीएल के इतिहास में नीलामी में उतरने वाले चार सबसे युवा खिलाड़ी, सूची में अफगानिस्तान के दो खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**यह नीलामी कई युवाओं के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है क्योंकि इसमें 204 स्थान उपलब्ध हैं जिनमें 70 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हैं।आईपीएल मेगा-नीलामी सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली है। नीलामी में युवा और अनुभवी दोनों का अच्छा मिश्रण देखने को मिलेगा। कई फ्रेंचाइजी ने तो अभी से ही उन युवा खिलाड़ियों कि लिस्ट बना ली होगी, जिन्हें वह ऑक्शन में खरीदना चाहते होंगे। आईपीएल ऐतिहासिक रूप से एक ऐसा मंच रहा है जहां युवाओं को भर-भर के अवसर मिलते हैं। नीलामी में कुछ युवाओं की किस्मत चमक जाती है तो कुछ अपनी मेहनत से नाम कमाते हैं। हार्दिक पांड्या, रविचंद्रन अश्विन, रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ी इसका सटीक उदाहरण हैं। इस टूर्नामेंट से युवा खिलाड़ियों ने न सिर्फ अपनी फ्रेंचाइजी, बल्कि अपने देश के लिए बड़ी ऊंचाइयां हासिल की हैं।आगामी नीलामी युवा क्रिकेटरों के लिए दुनिया की सबसे कठिन लीग में से एक में खुद को साबित करने का एक और अवसर है। ऑक्शन पूल में कुल 574 खिलाड़ियों में 318 अनकैप्ड भारतीय और 12 विदेशी अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। शॉर्टलिस्ट किए गए खिलाड़ियों में 366 भारतीय और 208 विदेशी खिलाड़ी हैं। यह नीलामी कई युवाओं के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है क्योंकि इसमें 204 स्थान उपलब्ध हैं जिनमें 70 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हैं। हम आपको अब तक के लीग के नीलामी के इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं अफगानिस्तान के रहस्यमयी स्पिनर मुजीब उर रहमान ने 2018 में 16 साल और 296 दिन की उम्र में आईपीएल नीलामी में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। शॉर्टलिस्ट होने के बाद उन्हें पंजाब किंग्स (तब किंग्स इलेवन पंजाब) ने चार करोड़ रुपये में चुना था। उनका ब्रेकआउट सीजन उसी वर्ष आया जब उन्होंने 11 मैचों में सात रन प्रति ओवर से कम की इकोनॉमी रेट के साथ 14 विकेट लिए। उसी साल उन्होंने भारत के खिलाफ अपने



ऐतिहासिक पहले टेस्ट मैच में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करके एक और उपलब्धि हासिल की थी। उन्हें पंजाब फ्रेंचाइजी ने अगले दो सत्रों के लिए बरकरार रखा था, लेकिन सात मैचों में सिर्फ तीन विकेट के साथ उनका अभियान निराशाजनक रहा। इसके बाद वह सनराइजर्स हैदराबाद चले गए, लेकिन वहां वह सिर्फ एक मैच में खेले और दो विकेट लिए। इस बार फिर से वह नीलामी में हैं। बंगाल में जन्मे प्रयास रे बर्मन 2019 आईपीएल नीलामी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा 1.5 करोड़ रुपये की बोली लगाने के बाद एक युवा सनसनी बन गए थे। वह 16 साल और 54 दिन की उम्र में आईपीएल अनुबंध अर्जित करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक बन गए। उनका डेब्यू 31 मार्च, 2019 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुआ, जिससे वह आईपीएल इतिहास में सबसे कम उम्र के डेब्यूटेंट बन गए। हालांकि, उन्होंने अपने चार ओवरों में बिना विकेट लिए 56 रन दिए। बल्ले के साथ, उन्होंने तेजी से 19 रन बनाए और यह एकमात्र आईपीएल मैच है जिसमें उन्होंने भाग लिया है। दुर्भाग्य से उन्हें 2020 सीजन से पहले आरसीबी द्वारा रिलीज कर दिया गया था और तब से आईपीएल में वापसी नहीं की है। बंगाल के साथ उनका घरेलू करियर भी बहुत अच्छा नहीं रहा है। अल्लाह गजानफर इस सूची का हिस्सा बनने वाले एक और अफगानी खिलाड़ी हैं। आईपीएल 2023 के दौरान गजानफर अफगानिस्तान के लिए एक युवा प्रतिभा था। सिर्फ 15 साल और 161 दिनों की उम्र में उन्होंने 2023 आईपीएल नीलामी में प्रवेश करके सुर्खियां बटोरीं थीं। हालांकि, उस समय वह अनसोल्ड हो गए थे। उनकी किस्मत तब बदल गई जब वह 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स में मुजीब-उर रहमान के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा मुंबई इंडियंस (एमआई) पिछले सीजन से पहले उन्हें नेट गेंदबाज के रूप में साइन किया था, लेकिन वीजा कारणों से वह नहीं आ सके थे। शारजाह में बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में एक मैच के दौरान उन्होंने 26 रन देकर छह विकेट लिए थे। उनके स्पेल से बांग्लादेश ने सिर्फ 11 रन पर सात विकेट खो दिए थे गजानफर ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया था। पहले से ही आठ वनडे मैचों में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करने के बाद गजानफर ने इमर्जिंग एशिया कप 2024 में भी शानदार प्रदर्शन किया था।बिहार के वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 13 साल और 242 दिनों की उम्र में आईपीएल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया है। अनकैप्ड बल्लेबाज श्रेणी (ळँ9) में 491 वें स्थान पर सूचीबद्ध इस बाएं हाथ के बल्लेबाजी ने बहुत कम उम्र में ही अपने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। जनवरी 2024 में बिहार के लिए प्रथम श्रेणी में डेब्यू करने के बाद, सूर्यवंशी ने सितंबर भारत ळ19 बनाम ऑस्ट्रेलिया ळ19 यूथ टेस्ट सीरीज के दौरान एक शानदार शतक के साथ सभी का ध्यान आकर्षित किया था। सूर्यवंशी आगामी अंडर-19 एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और संभावना है कि टीमें भविष्य की संभावना के रूप में मेरे लिए बोली लगा सकती हैं।

# सम्पादकीय

## रेवड़ी संस्कृति पर रोक लगे, जनता को चुकानी पड़ती है कीमत

कर्नाटक में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने सत?ता पाने के लिए तमाम ऐसी लोक-लुभावनी घोषणाएं की थीं, जिन्हें पूरा करना कठिन था, क्योंकि राज्य की आर्थिक-वित्तीय स्थिति ऐसा करने की अनुमति नहीं देती थी। इसके बाद भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भी इन लोक-लुभावन घोषणाओं को अपनी गारंटी कहकर प्रचारित किया। हालांकि इन गारंटियों को रेवड़ियों की संज्ञा देकर आलोचना भी की गई, लेकिन कांग्रेस पर कोई असर नहीं पड़ा। चुनाव जीतने के बाद उसने ऐसा दिखाया कि वह अपने वादे के अनुसार अपनी पांच गारंटियों को पूरा करने में समर्थ है, लेकिन अब इसमें उसे मुश्किल पेश आ रही है। इसी के चलते कुछ दिनों पहले कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा संबंधी शक्ति योजना पर नए सिरे से विचार किया जाएगा। इसका संज्ञान लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि वे वही घोषणाएं करें, जिनके लिए बजट हो और जिन्हें पूरा करना संभव हो। उन्होंने यह कहकर शिवकुमार को निशाने पर लिया कि कर्नाटक की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी पांच गारंटियां देने के मौके पर वह एक गारंटी से पीछे हटने की बात कर रहे हैं। खरगे ने जिस तरह सार्वजनिक रूप से शिवकुमार को निशाने पर लिया, उससे कांग्रेस असहज हुई। खरगे के बयान पर शिवकुमार ने सफाई दी कि उन्होंने शक्ति योजना की समीक्षा की बात की थी, न कि उसे खत्म करने की। चूंकि खरगे भी कर्नाटक से आते हैं इसलिए हैरानी नहीं कि शिवकुमार को नापसंद करने के कारण उन्होंने उन्हें निशाने पर लिया हो। ध्यान रहे कि खरगे के बेटे कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं और शिवकुमार मुख्यमंत्री बनना चाह रहे हैं। जो भी हो, पांच गारंटियों पर खरगे और शिवकुमार के बयानों से भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का मौका मिल गया। प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहकर उसे निशाने पर लिया कि अब उसे यह अहसास हो रहा है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें पूरा करना कठिन। ज्ञात हो कि वह पहले से ही रेवड़ी संस्कृति से बचने की बात कहते चले आ रहे हैं। इसमें संदेह है कि कर्नाटक की शक्ति योजना को लेकर विवाद खड़ा हो जाने से कांग्रेस भविष्य में चुनाव जीतने के लिए लोक-लुभावन घोषणाओं का सहारा नहीं लेगी। इसके आसार इसलिए नहीं, क्योंकि लोकसभा में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अपनी लोक-लुभावन घोषणाओं को खटाखट पूरा करने पर जोर देते रहते हैं। लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की लोक-लुभावन घोषणाओं को खटाखटा यानी आनन-फानन पूरा करने का भरोसा दिया था। चूंकि वह खुद रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, इसलिए हिमाचल प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने लोक-लुभावन घोषणाएं की थीं। उसने यहां पांच के बजाय दस गारंटियां दी थीं। यह बात और है कि दो वर्ष बाद भी हिमाचल की कांग्रेस सरकार दस में से पांच गारंटियां ही पूरी कर सकी है। इन्हें पूरा करने में भी उसे कठिनाई आ रही है और इसके चलते कर्मचारियों को समय पर वेतन देना मुश्किल हो रहा है। हैरानी नहीं कि इस सबसे बेपरवाह कांग्रेस महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव में भी लोगों को लुभाने के लिए रेवड़ी संस्कृति का सहारा ले। आज देश में कुछ ही राज?य हैं, जो आर्थिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं। समस्या यह है कि उनके साथ-साथ कमजोर आर्थिक स्थिति वाले राज्य भी लोक-लुभावन घोषणाएं करते रहते हैं। स्थिति यह है कि जो राजनीतिक दल दूसरे दलों की लोक-लुभावन घोषणाओं की आलोचना करते हैं, वे भी चुनाव जीतने के लिए वैसी ही घोषणाएं कर देते हैं। यह ठीक है कि आर्थिक रूप से संपन्न राज्यों को लोक-लुभावन घोषणाएं करने और उन्हें पूरा करने में आसानी होती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे खुद को आर्थिक रूप से बेहतर कर रहे हैं। सच तो यह है कि वे भी अपनी आर्थिक सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं और साथ ही अन्य राज्यों में रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। आज तो कुछ राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति के सहारे ही अपनी राजनीति कर रहे हैं। वे रेवड़ी संस्कृति का बचाव भी करते हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि आम आदमी पार्टी किस तरह मुफ्त बिजली-पानी देने का वादा करके अपनी राजनीति करती है। दिल्ली कम आबादी वाला राज्य है और उसकी आर्थिक स्थिति अन्य राज्यों से बेहतर है, लेकिन यदि दिल्ली माडल अन्य राज्यों ने अपनाया तो उनकी आर्थिकी का बेड़ा गर्क होना तय है। इससे इन्कार नहीं कि लोक-लुभावन घोषणाएं चुनाव जिताने में सहायक साबित होती हैं, लेकिन क?या वे प्रदेश और देश को आर्थिक तौर पर मजबूत बना रही हैं? यह वह प्रश्न है, जिस पर सार्थक बहस होनी चाहिए, क्योंकि यदि लोक-लुभावन घोषणाओं के कारण एक के बाद एक राज्यों की आर्थिक हालत खराब होती जाएगी तो फिर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना संभव नहीं होगा।

## घुसपैठ पर यूरोप की तरह भारत भी चेते, वोट बैंक के लोभ से खतरनाक स्थिति

शरणार्थियों और घुसपैठियों के रूप में यूरोपीय देशों में रह रहे दूसरे देशों के लोगों और विशेष रूप से मुसलमानों के एक वर्ग में बढ़ती कट्टरता से यूरोप के 17 देश परेशान हैं। वे उन्हें निकालने के ठोस उपाय करने में लगे हुए हैं। कट्टर मुसलमानों के कारण हाल के दिनों में यूरोप में कई जगह दंगे हो चुके हैं। यूरोप की तरह अमेरिका भी



अपने यहां अवैध रूप से आए लोगों को निकालने में लगा हुआ है। हाल में उसने भारत के एक हजार ऐसे लोगों को वापस भेजा। इस काम में भारत सरकार ने अमेरिका का सहयोग किया। ऐसे किसी मामले में भारत बांग्लादेश से सहयोग की उम्मीद नहीं कर सकता। भारत में घुस आए लाखों बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को लेकर पैदा हो रही समस्या के सवाल पर यहां के राजनीतिक दल बुरी तरह बंटे हुए हैं। हमारे कई दलों के लिए राष्ट्र हित से ऊपर वोट बैंक है। कभी मानवाधिकारों के चैंपियन रहे यूरोपीय देशों को अब अपने किए पर पछतावा हो रहा है। मुसलमानों ने कभी बेचारा बनकर शरणार्थी के रूप में यूरोप में जगह पाई। अब उनमें से अनेक जिहादी मनोवृति वाले हो चुके हैं और आबादी बढ़ाकर यूरोप पर कब्जा करने का सपना देख रहे हैं। भारत में घुस आए तमाम बांग्लादेशी और रोहिंग्या भी यही इरादा रखते हैं, पर समस्या के अनुपात में कई कारणों से भारत में जो उपाय हो रहे हैं, वे नाकाफी हैं। यूरोप आकर बसी मुस्लिम आबादी का जिहादी सोच वाला तबका यूरोप में जल्द इस्लामिक शासन भी लागू करना चाहता है। इसके लिए वह यदाकदा हिंसा पर भी उतारू हो जाता है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि प्रतिबंधित पापुलर फ्रंट आफ इंडिया भारत को 2047 तक इस्लामी राष्ट्र बनाने के फितूर से ग्रस्त है। उसके राजनीतिक संगठन एसडीपीआइ का कांग्रेस से तालमेल रहता है। यूरोप में न सिर्फ मुस्लिम आबादी तेजी से बढ़ रही है, बल्कि उनमें कट्टरता भी बढ़ी है।

## सबके हितों की चिंता करे सरकार, तभी होगा 'विकसित भारत का सपना' साकार

छले दिनों केंद्र सरकार ने अस्सी वर्ष से ज्यादा उम्र के अपने पेंशनधारियों के अनुकंपा भत्ते में 20 से 100 प्रतिशत तक वृद्धि करने की घोषणा की। यह अतिरिक्त पेंशन



होगी। सरकार का यह फैसला चकित करता है। आखिर वह इतनी दयालुता क्यों दिखा रही है? क्या उसने ऐसा कोई अध्ययन किया कि 80 साल से अधिक आयु वाले सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों की वित्तीय हालत अच्छी नहीं ह इस उम्र तक आते-आते तो लोगों की जरूरतें न्यूनतम हो जाती हैं, फिर अनुकंपा भत्ते में इतनी वृद्धि क्यों? वैसे मानवीय दृष्टिकोण से विचार करें तो बुजुर्गों, दिव्यांगों और गरीबों की चिंता करना हर कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी है और सरकारें उसे अपनी सामर्थ्य भर पूरा कर भी रही हैं, लेकिन जब खुशहाली के पैमाने पर हमारी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, तब हमें पहले नौजवान पीढ़ी, नवजात बच्चों, उनकी माताओं और मजदूरों की चिंता करनी चाहिए, न कि उन बुजुर्गों की, जिनका जीवन सरकारी नौकरी में पहले से ही सभी पैमाने पर देश के आम आदमी से कहीं अच्छा है। सरकारी नौकरी में रहते हुए कर्मचारियों को तमाम सुविधाएं मिलती हैं। रिटायरमेंट के बाद भी उन्हें अच्छी-खासी पेंशन मिलती है। अभी हाल में सरकार ने तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता और बढ़ाया है। सभी सरकारी कर्मचारियों को मेडिकल सुविधाएं मुफ्त में मिलती हैं। रेलवे और कुछ अन्य विभागों में रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को यात्रा के लिए सरकारी पास, तो रक्षा और दूसरी नौकरियों में रियायती दर पर सामान आदि मिलते हैं। नौकरी में रहते हुए उन्हें सरकारी घर, दफ्तर आने-जाने के लिए कार आदि की सुविधा, यात्रा भत्ता, लीव इनकैशमेंट, बोनस आदि मिलते हैं। केंद्रीय सेवाओं में लगभग 35 लाख सरकारी कर्मचारी और 70 लाख पेंशनधारी हैं। मेडिकल और दूसरी सुविधाओं की वजह से आज लोगों की औसत उम्र भी अच्छी हो गई है। यही कारण है कि सरकारी बजट में पेंशनधारियों का बोझ मौजूदा सरकारी कर्मचारियों से लगभग दोगुना है। इन्हीं सब वजहों से 2004 में सबकी सहमति से पुरानी पेंशन स्कीम के बजाय नई पेंशन स्कीम लागू की गई थी। उसके प्रति असंतोष को देखते हुए सरकार सरकारी कर्मियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम लाई है। एक अच्छी लोक कल्याणकारी सरकार वह होती है, जो देश के हर नागरिक की चिंता करे। इसी देश में निजी क्षेत्र में पूरी उम्र गुजारने के बाद भी करोड़ों कर्मचारियों के लिए संतोषजनक न्यूनतम पेंशन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इन कर्मियों की न्यूनतम पेंशन मात्र एक हजार रुपये है। आखिर निजी क्षेत्र के कर्मियों को सरकारी कर्मियों जैसी पेंशन क्यों नहीं मिलनी चाहिए? सरकारी कर्मचारी तो देश में मुश्किल से एक प्रतिशत हैं। आखिर 99 प्रतिशत जनता को देने के लिए सरकार के पास क्या है? आज किसान गांव छोड़कर शहरों में मजदूर बनने के लिए अभिशप्त हैं। क्या सरकार के पास घरों में काम करने वाली महिलाओं के लिए कोई स्कीम है? पिछले दिनों खबर आई कि सरकार अपनी महिला कर्मचारियों के लिए भी हर महीने माहवारी छुट्टी पर विचार कर रही है। क्या निजी कंपनियां अपने यहां काम करने वाली महिलाओं को ऐसी छुट्टी देंगी सरकारी सेवाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए 20 वर्ष पहले चाइल्ड केयर लीव शुरू हुई थी। वे अपने 18 वर्ष तक के बच्चों की पढ़ाई आदि के लिए दो वर्ष तक वेतन एवं सुविधाओं के साथ घर पर रह सकती हैं। अब पिता को भी कुछ राज्य सरकारें छुट्टी देने लगी हैं। पहले मातृ अवकाश तीन महीने का मिलता था, अब सरकारी कर्मचारियों को छह महीने मिलता है, जबकि मजदूर महिलाओं के बच्चे सड़कों और पार्कों में गर्मी एवं बरसात में घूमते रहते हैं अगर केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य सरकारें भी ऐसी रेवड़ियां बांटने की कोशिश करने लगीं तो फिर देश की आर्थिक स्थिति का क्या होगा? पंजाब और हिमाचल प्रदेश का उदाहरण हमारे सामने है। अच्छा तो यही होगा कि सरकारें बुनियादी ढांचे के साथ-साथ ऐसे उद्योगों में पूंजी लगाएं, जिनसे अधिक से अधिक रोजगार पैदा हों। बुजुर्गों की इतनी चिंता के बजाय नई पीढ़ी के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करना ज्यादा जरूरी है सरकारी नौकरियों में भरपूर सुविधाएं और निजी एवं असंगठित क्षेत्र में सुविधाओं की कमी के समाज पर बुरे असर होते हैं। आज देश का हर युवा सरकारी नौकरी में जाना चाहता है। एक चपरासी की नौकरी के लिए इंजीनियरिंग, पीएचडी किए नौजवान आगे आते हैं। सरकारी नौकरियों की भर्ती में भ्रष्टाचार का कारण ऐसी ही सुविधाएं और रेवड़ियां भी हैं। यही कारण है कि नेता चुनाव से पहले सरकारी नौकरियों की घोषणा सबसे पहले करते हैं। क्या निजी क्षेत्र के लोग सरकारी कर्मचारियों से कम काम करते हैं? क्या उनके काम की चुनौती कमतर है? क्या उन्हें सरकारी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं मिलती हैं? यदि नहीं तो क्यों? क्या सरकारी स्कूल के शिक्षक अपने बच्चों को भी सरकारी स्कूलों में पढ़ाते हैं? अब तो कालेज में पढ़ाने वाले भी अपने बच्चों को इंग्लैंड, कनाडा एवं अमेरिका भेजते हैं। पिछले हफ्ते ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस बात पर चिंता जताई थी कि बच्चे पढ़ने विदेश भाग रहे हैं। पिछले वर्ष 14 लाख बच्चे पढ़ने के लिए बाहर गए। इसमें अरबों रुपये विदेश चले गए। ऐसे में संविधान में जिस समानता की बात की गई है, उसे ध्यान में रखते हुए सरकार केवल सरकारी कर्मचारियों के ही हितों की चिंता न करे। उसे सबका साथ-सबका विकास नारे के तहत सबकी चिंता करनी चाहिए। उसे यह संदेश नहीं देना चाहिए कि वह सरकारी कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए अधिक तत्पर और संवेदनशील है।

## जनअपेक्षाओं से दूर होते अधिकारी, आम लोगों की सुनवाई को लेकर होना होगा संवेदनशील

दक्ष और संवेदनशील प्रशासन का विकल्प नहीं होता। गत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा लोकसेवकों के साथ शासन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर चर्चा की। उन्होंने मजबूत फीडबैक और लोक



शिकायत निस्तारण की पद्धति में सुधार की आवश्यकता बताई। उन्होंने युवा लोकसेवकों से आम जनों के जीवन को सुगम बनाने का आग्रह किया। भारत में शासन चलाने के लिए अधिकारियों का बड़ा वर्ग है। सरकार संचालन के लिए व्यावसायिक रूप से दक्ष प्रशासनिक तंत्र की आवश्यकता होती है। संविधान निर्माता निष्पक्ष अधिकारियों का तंत्र चाहते थे। संविधान के अनुच्छेद 311 में प्रशासनिक तंत्र के अधिकार और सुरक्षा कवच वर्णित हैं। विश्व के किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकारी अधिकारियों को भारत जैसा कानूनी संरक्षण नहीं है। बावजूद इसके प्रशासनिक तंत्र जन अपेक्षाओं से दूर है। आम जनों में प्रशासनिक तंत्र के प्रति अच्छी धारणा नहीं है। तत्काल हो जाने वाला छोटा-सा काम भी वे समय पर नहीं करते। अधिकारी जन अपेक्षाओं की उपेक्षा करते हैं। प्रशासनिक तंत्र का रवैया चिंताजनक है। दरअसल भारत की प्रशासनिक व्यवस्था ब्रिटिश शासन की उधारी है। मारिस जांस ने लिखा था, 'सत्ता हस्तांतरण के साथ अंग्रेज चले गए, लेकिन प्रशासन तंत्र का आकार, कार्य के ढंग सब ज्यों के त्यों रहे।' संविधान सभा में ब्रिटिश संस्कारों वाले प्रशासनिक तंत्र की आलोचना हुई। हालांकि सरदार पटेल ने सभा में प्रशासन की प्रशंसा की। कहा कि 'मैंने इस कठिन समय में उनके साथ काम किया है। इन्हें हटा लिया गया तो अराजकता बढ़ेगी।' अंग्रेजी राज प्रशासन की इकाई जिला थी। तब के जिलाधिकारी श्रेष्ठ ग्रंथि के शिकार थे। वे राजा थे और भारत के लोग प्रजा। स्वतंत्रता के बाद लोक कल्याण और विधि के शासन की स्थापना पर देश आगे बढ़ा, लेकिन अफसरों की आम जनों से दूरी और बढ़ती गई। माना जाता है कि सिविल सेवाओं में प्रतिभाशाली लोग आते हैं। तमाम अधिकारी नतीजे देने की कोशिश करते हैं, लेकिन गरीबों, वंचितों और पीड़ितों के प्रति उनमें संवेदनशीलता दुर्लभ है। प्रशासनिक तंत्र के लिए काम पूरा न होने के कारण बताना आसान है। इसलिए प्रशासनिक सुधार की प्रक्रिया प्रत्येक समय अनिवार्य रहती है। ब्रिटिश सत्ता में भी प्रशासनिक सुधारों के लिए आयोग बनाए गए थे। 1918 में मांटेग्यू चेम्सफोर्ड रिपोर्ट आई थी। 1948 में कस्तूर भाई लाल भाई के नेतृत्व में मितव्ययिता समिति बनी थी और 1949 में अयंगर समिति। 1951 में गोरेवाला समिति ने कई विषयों पर अपनी रिपोर्ट दी। अमेरिकी लोक प्रशासन विशेषज्ञ एप्पलेबी ने भी 1953 में भारत के लोक प्रशासन सर्वेक्षण पर रिपोर्ट पेश की थी। भ्रष्टाचार पुराना रोग है। देश में 1948 में जीप खरीद घोटाला चर्चा का विषय था। 1957 के मूंदणा घोटाले में केंद्रीय मंत्री भी शामिल पाए गए। तत्कालीन गृहमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने संपूर्ण तंत्र की समीक्षा और सुझाव के लिए के. संथानम की अध्यक्षता में समिति का गठन किया। 1964 में सतर्कता आयोग का गठन हुआ। 1966 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में प्रशासनिक सुधार आयोग बना। इसी बीच वह मंत्री बन गए। फिर के. हनुमंतैया को अध्यक्ष बनाया गया। आयोग ने अपनी पहली रिपोर्ट 1966 तथा दूसरी 1970 में दी। 2005 में वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में दूसरा प्रशासनिक सुधार आयोग बना। उनकी रिपोर्ट भी बेनतीजा रही। संविधान की प्रस्तावना और नीति निदेशक तत्व सरकार और प्रशासन तंत्र के मार्गदर्शक हैं। प्रशासनिक तंत्र से उच्च स्तर की व्यावसायिक योग्यता की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री का आग्रह उचित और विचारणीय है। संविधान में कार्यपालिका नीति नियंता है। सरकार विधायिका के प्रति जवाबदेह है। प्रशासनिक तंत्र की सीधी जवाबदेही नहीं है। उसका दबदबा चिंताजनक है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि और अधिकारियों के बीच तनाव रहता है। केंद्र ने विधायकों-सांसदों को सम्मान देने एवं पत्रोत्तर देने का शासनादेश पिछली सदी के सातवें दशक में जारी किया था। राज्य सरकारों द्वारा भी यह विषय बार-बार दोहराया जाता है, लेकिन प्रशासनिक तंत्र इसे महत्व नहीं देता। कुछ अधिकारी कहते हैं कि वे स्थायी कार्यपालिका हैं। विधायिका और सरकार का कार्यकाल पांच वर्ष का है। बेशक अधिकारियों का एक वर्ग कर्तव्य पालक है, लेकिन पुलिस का व्यवहार अच्छा नहीं है। वे साधारण बातचीत में भी ठीक व्यवहार नहीं करते। प्रशासनिक अधिकारियों को अपने आचार और व्यवहार को जनअपेक्षा के अनुरूप ढालना चाहिए। भारत दुनिया की प्राचीनतम सभ्यता और संस्कृति का धारक है। ऋग्वेद के रचनाकाल के समय भी यहां सुंदर प्रशासनिक व्यवस्था थी। राजनीतिक व्यवस्था की इकाई परिवार थी। अनेक परिवारों को मिलाकर ग्राम बनता था। ग्राम के अधिकारी को ग्रामणी कहा जाता था। ग्रामों को मिलाकर बने समूह को विश कहते थे। विश के अधिकारी को विशपति कहते थे। कई विश मिलकर जन बनते थे। जन के प्रधान अधिकारी को गोप कहा गया। यहां सभा और समितियां भी थीं। सिंधु घाटी सभ्यता में भी प्रशासनिक इकाइयां थीं और उत्तर वैदिक काल में भी। अनेक शक्तिशाली राजा भी थे। उत्तर वैदिक काल में एक केंद्र में अनेक प्रशासनिक अधिकारी थे। वे कठिनाइयां दूर करने के लिए काम करते थे। महाकाव्य काल में यहां बड़े साम्राज्यों की स्थापना हुई। अनेक गणतंत्र भी थे। बौद्ध काल का शासन स्मरणीय है। चंद्रगुप्त मौर्य प्रशासन महत्वपूर्ण था। कौटिल्य का अर्थशास्त्र, मेगास्थनीज की इंडिका, अशोक के शिलालेख एवं अनेक प्राचीन पुस्तकों में मौर्य शासन (320 ईसा पूर्व) की जानकारी मिलती है। चीनी यात्री फाह्यान ने भी भारतीय प्रशासन की प्रशंसा की। गुप्त प्रशासन के कार्य इतिहास का सत्य हैं।

# सेक्टर-62 स्थित एवियर एजुकेशनल हब के छात्र धीरज और पवन, व्हीलचेयर बास्केटबॉल एशिया ओसियाना चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-62 स्थित एवियर एजुकेशनल हब के दो छात्र, धीरज और पवन, जो कि बीबीए के छात्र हैं, इन दिनों व्हीलचेयर बास्केटबॉल एशिया ओसियाना चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस चैंपियनशिप का आयोजन बैंकॉक में किया जा रहा है, और दोनों खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। यह खास बात है कि एवियर एजुकेशनल हब ने इन दोनों छात्रों के साथ साथ कई दिव्यांग खिलाड़ियों को निशुल्क प्रवेश प्रदान किया है। कॉलेज ने न केवल उन्हें प्रवेश दिया, बल्कि इन खिलाड़ियों से कोई भी फीस भी नहीं ली है। यह कदम कॉलेज की तरफ से एक प्रेरणादायक पहल है, जो छात्रों को उनकी खेल क्षमता के आधार पर शिक्षा और प्रशिक्षण का समान अवसर प्रदान करता है। कॉलेज की डायरेक्टर कनिका सिंह ने बताया कि धीरज और पवन, दोनों ही शानदार व्हीलचेयर बास्केटबॉल खिलाड़ी हैं, और वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता न केवल उनके लिए प्रेरणा का स्रोत हैं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का कारण भी बन रही हैं।







# विभिन्न अंधविश्वासों के पीछे के वैज्ञानिक तर्कों को बताया एवं वैज्ञानिक चमत्कार:एसडीएम निखिल यादव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बुधवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब सोनभद्र द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुद्धी में अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि निखिल यादव, एस0डी0एम0, दुद्धी द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना गायी। कार्यक्रम में वैज्ञानिक प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा छात्र - छात्राओं को विभिन्न अंधविश्वासों के पीछे के वैज्ञानिक तर्कों को बताया एवं वैज्ञानिक चमत्कारों का प्रदर्शन किया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा निबंध, चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंधविश्वास के प्रति जागरूकता प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये। कार्यक्रम में जयराम सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, सोनभद्र तथा अरविंद सिंह चौहान, जिला समन्वयक, सोनभद्र द्वारा अंधविश्वास की कुरीतियों के बारे में बताया गया तथा इससे बच कर रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में डॉ0 रीतिका श्रीवास्तव, अजय सिंह, अरुण कुमार मिश्र, राजेश्वर श्रीवास्तव, लवकुश प्रजापति, जी0आई0सी0 एवं जी0जी0आई0सी0 के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे।




# फायर एनओसी के दौरान मानकों की होती है जांच:श्री राम साइन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** बुधवार को मुख्य अग्नि सम्मान अधिकारी श्री राम साइन के नेतृत्व में जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज ,एल तू,एमसीएच, पीपी सेंटर शहीद कई एनपीएससी सीएससी पर अग्निशमन यंत्र की जांच की गई वहीं मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में फायर एनओसी अभी उपलब्ध नहीं है जिसको लेकर संबंधित को निर्देशित किया गया है जल्द से जल्द प्रक्रिया पूर्ण कराकर एनओसी उपलब्ध करा ली वहीं निरीक्षण के दौरान अस्पताल के एसएन सीयू के आसपास विभिन्न सुविधाओं के साथ व्यवस्था पाई गई जिसको लेकर संबंधित विभाग को अवगत कराया गया जल्द ही इसमें सुधार कर नए सिरे से व्यवस्था उपरोक्त कारण जिससे कि भविष्य में किसी भी प्रकार से कोई अनहोनी ना हो पाए इस दौरान नोडल अधिकारी कीर्ति आजाद बिना के नेतृत्व में सभी जगह का निरीक्षण अवगत कराया और तत्काल जो सुविधा पाई गई उनको जल्द से जल्द सुधार करने को बतलाया गया इस मौके पर सीएमएस बी सागर, द्वितीय यादव, डॉ बी के श्रीवास्तव, सनी राज सरोज फायरमैन ,चंचल आदि



# जीएल बजाज इंस्टीट्यूट में फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा स्थित जीएल बजाज इन्स्टीट्यूट आफ मैनेजमेण्ट एण्ड रिसर्च में पीजीडीएम 2024 से 26 बैच के छात्रों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम क आयोजन का उददेश्य नवीन छात्रों के स्वागत के अतिरिक्त छात्रों में अपने कला की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ छात्रों में मैत्री भाव विकसित करना था। इस आयोजन में सभी फ्रेशर्स ने आत्मविश्वास के साथ अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। एकल एवं समूह नृत्य के साथ संगीत एवं सुनहरे गीतों का सभी दर्शकों ने लुत्फ उठाया। इसके अतिरिक्त फैशन शों में सभी भागीदार छात्रों ने अपना अद्भुत प्रदर्शन किया। आयोजन के निर्णायक मण्डल में आइएनएस एण्ड आउट्स के निदेशक रंजन खन्ना, एवं माडल राधिका गर्ग रहे। फैशन शो के फाइनलिस्टों द्वारा जजों के सवालों का विवेकपूर्ण जवाब देना अद्भुत रहा। मिस्टर एवं मिस इण्डिया का टाइटल क्रमशः सोहम कुमार मिश्रा एवं एश्वर्या को दिया गया। शो टापर्स का ख़िताब प्रवीणा रस्तोगी को मिला एवं मिस्टर इव उत्कर्स राना रहे। अन्य गतिविधियों में मिस्टर डैसिंग, मिस गोर्जियश, मिस फेस फेम, मिस्टर चार्मिग क्रमशः निशान्त शेखर, अज्ञा राज, श्रस्टि व शिवम को दिया गया। अंत में छात्रों ने डीजे के डांस फ्लोर पर भूरपूर आनंद लिया। कॉलेज के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सभी नवीन छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी एवं सभी संयोजको को धन्यवाद दिया। संस्थान की निदेशिका डॉ0 सपना राकेश ने कहा कि यह एक अत्यन्त मनोरंजक एवं अविस्मरणीय शाम थी और छात्रों को शिक्षा के अतिरिक्त अपने चहुमुखी व्यक्तित्व के विकास हेतु ऐसे आयोजनों में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस आयोजन के संयोजक डॉ0 सुनीता चौधरी, डॉ0 अरविन्द भट्ट, अक्षिता गर्ग, पूजा सिंह एवं युसूफ खान रहे।



# ईवी इंडिया एक्सपो 2024 का उद्घाटन, अखंड गतिशील भविष्य की ओर एक कदम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** प्रदर्शनी ने अपनी अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सुविधा के भव्य उद्घाटन का जश्न मनाया, कार्यक्रम में 8,000 से अधिक आगंतुकों की प्रभवशाली भीड़ ने शोभा बढ़ाई. यह कार्यक्रम इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया, जिसमें नवाचार और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद डॉ. महेश शर्मा, इंडियन एक्सहिबिशन सर्विसेज़ सलाहकार श्री एन.के. सहगल और इंडियन एक्सहिबिशन सर्विसेज़,सीईओ श्री स्वदेश कुमार ने किया। बहुप्रतीक्षित ईवी इंडिया एक्सपो 2024 का आज आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया गया, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों और टिकाऊ गतिशीलता समाधानों में नवीनतम रुझानों, प्रौद्योगिकियों और प्रगति का पता लगाने के लिए दुनिया भर से उद्योग के नेताओं, नवप्रवर्तकों, नीति निर्माताओं और उत्साही लोगों को एक साथ लाया गया। यह आयोजन ईवी उद्योग में एक गेम-चेंजर के रूप में तैयार किया गया था, जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय देशों के 140 से अधिक प्रदर्शकों ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अत्याधुनिक उत्पादों, सेवाओं और नवाचारों का प्रदर्शन किया था। कुछ प्रमुख ब्रांड हैं टाटा मोटर्स, बीवाईडी ऑटो इंडिया, सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड, मंत्रा बाइक्स, याकुजा ई-बाइक्स, डीओएल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड, टीवीएस सीरियस कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो इलेक्ट्रिकल्स, मफिन ग्रीन इंफ्रा लिमिटेड, एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट। लिमिटेड, एमजी इलेक्ट्रिका, लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड, सेमको इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, डीएनए टेक्नोलॉजीज, ऊर्जा ग्लोबल लिमिटेड, ग्रेको इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सुपरमेक्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, डेरोज मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, महालक्ष्मी ई व्हीकल्स, इस्कूट मोटर्स इंडिया एलएलपी, इंडीग्रीन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड। लिमिटेड, चिलवी ग्रुप कंपनी लिमिटेड, ग्लोबटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड। प्रदर्शक की प्रोफ़ाइल में इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट, कार्गो लोडर इलेक्ट्रिक वाहन, उपकरण और समाधान, इलेक्ट्रिक ट्रक, बैटरी स्टोरेज प्रबंधन, आईओटी डिवाइस, ई-बोट, प्रयोगशाला और परीक्षण उपकरण, ईएसएस तकनीक जैसी कई कंपनियां और ब्रांड शामिल हैं। डॉ. महेश शर्मा के अनुसार, ड्डईवी क्रांति केवल टिकाऊ परिवहन की दिशा में एक कदम नहीं है, बल्कि एक स्वच्छ, हरित और अधिक आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक छलांग है। साथ मिलकर, हम नवाचार में तेजी ला रहे हैं, नौकरियां पैदा कर रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए गतिशीलता के भविष्य को आकार दे रहे हैं।'' इंडियन एक्सहिबिशन सर्विसेज़ के निदेशक श्री स्वदेश कुमार के अनुसार, चूँकि हम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्रांति में सबसे आगे खड़े हैं, हम मानते हैं कि नवाचार तभी सार्थक है जब इसे उद्देश्य के साथ जोड़ा जाए। यह आयोजन कार्रवाई का आह्वान है - टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों में निवेश करने और एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने के लिए जहां परिवहन न केवल कुशल हो बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी जिम्मेदार हो। आगे उन्होंने कहा, आइए मिलकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव को तेज करें, बदलाव को प्रेरित करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्थिरता की विरासत बनाएं। एक स्मार्ट, स्वच्छ और कनेक्टेड दुनिया की यात्रा यहां इलेक्ट्रिक वाहन प्रदर्शनी से शुरू होती है।




# ईपीसीएच ने ग्लोबल सोर्सिंग एक्सपो मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया 2024 में भारत के हस्तनिर्मित शिल्प को बढ़ावा दिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न कन्वेंशनल ऐंड एग्जिबिशन सेंटर में 19 से 21 नवंबर 2024 तक ग्लोबल सोर्सिंग एक्सपो मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया 2024 आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है और यहां भारत के विशाल हस्तशिल्प संग्रह, परिधान, और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने बताया कि इस एक्सपो में ईपीसीएच के इंडिया पवेलियन का उद्घाटन ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. सुशील कुमार ने सदस्य प्रदर्शकों के साथ किया। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न स्थित भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. सुशील कुमार ने उद्घाटन के दौरान भारतीय हस्तशिल्प को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने और देश से हस्तशिल्पों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए परिषद (ईपीसीएच) के निरंतर प्रयासों और योगदान की सराहना की। सीजीआई ने सदस्य प्रतिभागियों से भी बातचीत की और भविष्य में व्यापार प्रचार के लिए सभी तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने कहा कि ग्लोबल सोर्सिंग एक्सपो मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया का प्रमुख व्यापारिक आयोजन है, जो अंतरराष्ट्रीय निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और डिजाइनरों को ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अन्य देशों के प्रमुख रिटेल चेन, फैशन लेबल्स और संस्थागत खरीदारों को एक साथ मंच पर लाता है। एक्सपो का फोकस सस्टेनेबल फैशन, होम डेकोर और उपभोक्ता वस्तुओं पर है, जो उच्च गुणवत्ता वाले और उचित तरीके से सोर्स किए गए उत्पादों के निर्माण की भारत की क्षमता से पूरी तरह मेल खाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल के एक्सपो में भारत की भागीदारी से हाल ही में हस्ताक्षर किए गए भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) को भी मजबूती मिलेगी। इस ऐतिहासिक समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे दोनों देशों के निर्यातकों के लिए नए अवसर उत्पन्न होंगे। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने कहा कि ईपीसीएच ने एक वाइब्रेंट इंडिया पवेलियन स्थापित किया है, जिसमें मुरादाबाद, जयपुर, नोएडा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक समेत प्रमुख शिल्प समूहों के 16 सदस्य निर्यातक शामिल हैं। इंडिया पवेलियन में परिधानों, चमड़े के सामानों, सूती एवं जूट के बैगों, होम डेकोर, किचनवेयर और अन्य उत्पादों की एक संयोजित रेंज प्रदर्शित की जा रही है। ईपीसीएच, देश से विभिन्न वैश्विक गंतव्यों तक हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और भारत की छवि को उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में प्रस्तुत करने वाली नोडल एजेंसी है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने बताया कि 2023-24 के दौरान भारत से 32,759 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का हस्तशिल्प निर्यात किया गया, जिसमें रुपये के संदर्भ में 9.13ड्ड की जबकि डॉलर के संदर्भ में 6.11ड्ड की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2023-24 के दौरान ऑस्ट्रेलिया को हस्तशिल्प वस्तुओं का निर्यात 737.83 करोड़ रुपये (89.11 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा ।



# बॉलीवुड/टेली मसाला



## हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन के ट्रेलर से उठा पर्दा, हिक्कप-टूथलेस ने ताजा की याद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' के लाइव एक्शन रीमेक का टीजर-ट्रेलर रिलीज हो गया है। साथ ही इसकी रिलीज की तारीख से भी है जहां 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' सेट है। बटलर की स्टोइक की आवाज हिक्कप से बात करते हुए कहती है, 'जब आप इस कुल्हाड़ी को ले जाते हैं, तो आप हम सभी आकर्षित करने के लिए इसके लाइव सीन पहले से ज्यादा आकर्षक होने जा रहे हैं। टीजर-ट्रेलर के रिलीज होते ही प्रशंसक गदगद हो उठे हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रियाएं



पर्दा उठा दिया गया है। हममें से लगभग सभी ने अपने जीवन में कम से कम एक बार एनिमेटेड फिल्म 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' देखी है। इसलिए, जब 2025 में रिलीज होने के लिए एक लाइव-एक्शन रीमेक रिलीज होने की खबर सामने आई तो फिल्म के प्रेमी यह देखने के लिए उत्साहित हो उठे कि हिक्कप और टूथलेस अब कैसे दिखेंगे। खैर, ऐसा लगता है कि इंतजार खत्म हो गया है। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' के लाइव-एक्शन रूपांतरण के टीजर-ट्रेलर को आधिकारिक तौर पर जारी कर दिया है। ट्रेलर बर्क, नॉर्डिक द्वीप के एक लंबे शॉट के साथ शुरू होता को अपने साथ ले जाते हैं।' हालांकि, हिक्कप का कहना है कि सीजीआई ड्रेगन का झुंड दिखाते हुए ड्रेगन को मारने की क्षमता उसके अंदर नहीं है। जैसे-जैसे ट्रेलर आगे बढ़ता है, और अधिक परिचित कहानी सामने आती है, जिसमें हिक्कप का टूथलेस से परिचय भी शामिल है। 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' में जूलियन डेनिसन, गेब्रियल हॉवेल, ब्रॉनविन जेम्स, जेरार्ड बटलर और मेसन टेम्स जैसे कलाकार हैं। टीजर से ऐसा लगता है कि लाइव-एक्शन संस्करण एनीमेशन फिल्म के पहले भाग की उसी कहानी का अनुसरण करेगी, लेकिन सिनेमाघरों में ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को दे रहे हैं। टीजर-ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'मैं लाइव-एक्शन फिल्म के इस सीन के लिए उत्साहित हूं जहां वे दोस्त बनते हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। हमें यह स्वीकार करना होगा कि टूथलेस और ड्रेगन के लिए सीजीआई बहुत अच्छे दिख रहे हैं।' ऐसे ही बाकी सोशल मीडिया यूजर्स भी टीजर-ट्रेलर पर अपना रिएक्शन देते नजर आए हैं। डीन डेब्लोइस द्वारा निर्देशित, 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' लाइव-एक्शन 13 जून, 2025 को आईमैक्स में बड़े स्क्रीन पर रिलीज होगी।

## अजय देवगन-अक्षय कुमार की फिल्म का हिस्सा बना ये स्टार, जॉनर से भी उठा पर्दा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार, अजय देवगन के निर्देशन में बनने वाली फिल्म में नजर आने वाले हैं। वहीं, अब इससे बॉलीवुड के एक और स्टार के जुड़ने की खबरें हैं। अजय देवगन ने अपने हालिया एलान से प्रशंसकों को गदगद कर दिया। उन्होंने एलान किया कि वह अगली फिल्म में बतौर निर्देशक कमान संभालने के लिए तैयार हैं। वहीं, अक्षय कुमार इस फिल्म के मुख्य अभिनेता होंगे। घोषणा के बाद से ही सोशल मीडिया की हलचल बढ़ी हुई है और लोग अन्य स्टारकास्ट के नाम जानने के लिए काफी ज्यादा उत्सुक हैं। इसी बीच फिल्म से एक और स्टार के जुड़ने की खबरें सुर्खियां बटोर रही हैं। रिपोर्ट की मानें तो यह एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें विक्की कौशल अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे 'सुहाग' (1994), 'खाकी' (2004), 'इंसान' (2005), 'सिम्बा' (2018), 'सूर्यवंशी' (2021) और 'सिंघम अगेन' (2024) के बाद अजय देवगन और अक्षय कुमार ने सातवीं फिल्म के लिए सहयोग किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस फिल्म में कुछ अन्य ए लिस्टर स्टार को भी शामिल करने की योजना चल




रही है। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में दो हीरो होंगे जिसमें एक अक्षय कुमार और दूसरे विक्की कौशल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, विक्की कौशल ने अपने काम से अजय देवगन का दिल जीता है। इसी को देखते हुए अजय ने सोचा कि अक्षय कुमार और विक्की कौशल की जोड़ी बनाना दिलचस्प होगा क्योंकि दोनों मुख्य भूमिकाएं एक-दूसरे की पूरक हैं। वहीं, अंदरूनी सूत्र का कहना है कि अक्षय कुमार कहानी से रोमांचित थे क्योंकि इससे उन्हें एक्शन और कॉमेडी दोनों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती चरण में हैं। अगले साल सितंबर या अक्तूबर तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी क्योंकि तब तक अक्षय कुमार का कैलेंडर काफी व्यस्त है। वहीं, विक्की कौशल वाकई में इस फिल्म का हिस्सा हैं या नहीं ये तो आने वाला समय ही बताएगा। अब तक न तो अजय और न ही फिल्म की टीम में से किसी ने इसकी पुष्टि की है। एक हालिया मीडिया इवेंट में अजय देवगन ने अक्षय कुमार के साथ अपनी अगली फिल्म की घोषणा की। जब अभिनेता से उनके अगले सहयोग के बारे में पूछा गया, तो अजय ने कहा, 'यह कुछ ऐसा है जिसकी हम बाद में घोषणा करने वाले थे लेकिन मुझे लगता है कि यह एक बेहतरीन मंच है। हम पहले से ही एक साथ एक फिल्म पर चर्चा कर रहे हैं, जिसका मैं निर्देशन कर रहा हूं और अक्षय इसमें मुख्य कलाकार हैं।'

## अतरंगी है दिव्या खोसला कुमार की लव स्टोरी, भूषण कुमार पड़े इश्क में पर हुई अरेंज मैरिज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिव्या खोसला कुमार का जन्मदिन है। आइए इस मौके जानते हैं कि अपने करियर की से अभिनय जगत में कदम रखा। बॉलीवुड में दिव्या ने वर्ष 2004 में आई फिल्म 'अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों' से डेब्यू किया। इस बीच पहुंच गए और उनका हाथ मांग लिया। अंत में फिल्म पूरी होते-होते दोनों की शादी हो गई।भूषण कुमार से शादी होने के बाद दिव्या



शुरुआत बतौर मॉडल करने वाली यह खूबसूरत अभिनेत्री कैसे बनीं टी-सीरीज की मालकिन?टी-सीरीज की मालकिन दिव्या खोसला कुमार आज अपना 37वां जन्मदिन मना रही हैं। दिव्या एक खूबसूरत, टैलेंटेड और ग्लैमरस अभिनेत्री के साथ-साथ निर्देशक और निर्माता भी हैं। उन्होंने अभिनय के साथ-साथ कई फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया है। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर हम उनकी लव स्टोरी के बारे में जानेंगे। हम जानेंगे कि किस तरह उनकी और भूषण कुमार की मुलाकात हुई दिव्या का जन्म 20 नवंबर 1987 को दिल्ली में हुआ। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के रूप में की और कई म्यूजिक वीडियो में काम किया। अभिनेत्री ने तेलुगु फिल्म 'लव टुडे' उन्होंने अभिनय से भी ब्रेक लिया और अपने आप को निर्देशन के लिए तैयार करने लगीं। दिव्या ने कुछ म्यूजिक वीडियो का निर्देशन करने के बाद वर्ष 2014 में आई फिल्म 'यारियां' और 2016 में आई फिल्म 'सनम रे' को निर्देशित किया।दिव्या और भूषण कुमार की लव स्टोरी भी काफी दिलचस्प है, बिल्कुल फिल्मों की तरह। दरअसल, दिव्या और भूषण कुमार की मुलाकात फिल्म 'अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों' के सेट पर हुई थी। भूषण कुमार अक्सर वहां आया करते थे। भूषण कुमार ने जब दिव्या को पहली बार देखा था, तभी वह अपना दिल उन्हें दे बैठे थे। धीरे-धीरे दोनों मैसेज पर बात करने लगे। हालांकि, कहा जाता है कि दिव्या उन्हें बिल्कुल भी भाव नहीं देती थीं। एक दिन भूषण कुमार अपनी मां के साथ उनके घर ने अपने करियर से ब्रेक ले लिया। वह अपनी निजी जिंदगी पर ध्यान देने लगीं। दिव्या अपनी शादी को कहीं ना कहीं अरेंज मैरिज ही मानती हैं। उन्होंने अपने घरवालों के कहने पर ही भूषण कुमार से शादी की थी। इस ब्रेक के दौरान उन्होंने खुद को निखारा। उन्होंने डायरेक्शन, सिनेमैटोग्राफी और एडिटिंग का कोर्स किया और फिर निर्देशन के क्षेत्र में वापसी की।निर्देशन के बाद दिव्या ने अभिनय में भी अपनी दूसरी पारी की शुरुआत की। वर्ष 2017 में फिल्म 'बुलबुल' के बाद वर्ष 2021 में एक्शन थ्रिलर 'सत्यमेव जयते 2' , वर्ष 2023 में रोमांटिक ड्रामा 'यारियां 2' और वर्ष 2024 में एक्शन थ्रिलर 'सावी' में नजर आईं।

## आर्यन खान की सीरीज की घोषणा के बाद सितारों ने दी बधाई, कंगना रणौत और करण जौहर ने बढ़ाया हौसला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान बतौर निर्देशक डेब्यू कर रहे हैं। आर्यन के आगामी सीरीज के लिए फिल्म जगत के कई सितारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। आइए जानते हैं कंगना रणौत से लेकर करण जौहर तक किसने क्या कहा?बॉलीवुड में 'किंग खान' के नाम से मशहूर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने बतौर निर्देशक डेब्यू किया है। उनके डेब्यू करने की घोषणा के बाद से ही फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने आर्यन खान को शुभकामनाएं दी और उनका हौसला बढ़ाया। इस सूची में कंगना रणौत, करण जौहर समेत कई बड़े सितारे शामिल हैं। उन्हें आलिया भट्ट, सुहाना खान, अनन्या पांडे और शनाया खान ने बधाई दी है। इन सभी ने इंस्टाग्राम पर आर्यन को टैग करते हुए नोट साझा किया है। अभिनेत्री कंगना रणौत ने आर्यन के डेब्यू की खबर साझा करते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ठयह बहुत अच्छा है कि फिल्मी



परिवारों के बच्चे सिर्फ मेकअप करने, वजन कम करने, सजने-संवरने और खुद को एक्टर समझने की चाहत से आगे बढ़ रहे हैं। हमें मिलकर भारतीय सिनेमा के मानकों को ऊपर उठाना चाहिए, यही समय की मांग है। और जिनके पास संसाधन हैं, वह अक्सर आसान रास्ते अपनाते हैं। हमें कैमरों के पीछे और लोगों की जरूरत है, अच्छा है कि आर्यन खान कम इस्तेमाल किए जाने वाले रास्ते अपना रहे हैं। एक लेखक और फिल्म निर्माता के रूप में उनके डेब्यू का बेसब्री से इंतजार है।वहीं, करण जौहर पोस्ट करते हुए लिखा, ठलव यू, आर्यन!!!! मुझे तुम पर बहुत बहुत गर्व है और दुनिया को तुम्हारी बेहतरीन सीरीज देखने का बेसब्री से इंतज़ार है.!!!! यह धमाल मचाने वाली है!!!ठ आर्यन की बहन सुहाना खान ने लिखा, ठबहुत सारी हंसी, ड्रामा, एक्शन और थोड़ी बहुत परेशानी-जैसा कि हमेशा तुम्हारे साथ होता है। मैं इंतज़ार नहीं कर सकती! बहुत गर्व है। अभिनेत्री आलिया भट्ट ने नेटफिलक्स पोस्ट को साझा किया और लिखा, ठइंतजार नहीं कर सकती! और अनन्या पांडे ने लिखा, ठओह, तुम इसके लिए तैयार नहीं हो। तुम्हारे लिए उत्साहित हूं आर्यन।ठ वहीं, शनाया कपूर ने लिखा, आर्यन तुम पर बहुत गर्व है!!! इसके लिए इंतजार नहीं कर सकती।

## आमा-बुबू ने 'तेलिन फिल्म फेस्टिवल' में देखी 'पायर', तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा समारोह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' को प्रदर्शित किया गया। फिल्म का प्रीमियर पद्म सिंह और हीरा देवी ने निर्देशक के साथ देखा। यूरोप के देश एस्टोनिया इस साल आधिकारिक प्रतियोगिता श्रेणी में शामिल हुई एकमात्र भारतीय फिल्म है। उत्तराखंड के सुदूर पहाड़ों में स्थित 'पायर' में 80 वर्षीय गैर-पेशेवर कलाकारों पद्म सिंह और हीरा देवी मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म में इन दोनों






की राजधानी तेलिन में आयोजित होने वाले 'तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' में इस साल भारत से फिल्म 'पायर' को फिल्म गाला कैटेगरी में प्रदर्शित किया गया। बुधवार को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता और निर्देशक विनोद कापड़ी सहित कास्ट एंड क्रू ने खुशी जाहिर की। 'पायर' को इस 'तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल' के 28वें संस्करण के आधिकारिक प्रतियोगिता खंड में विश्व प्रीमियर के लिए चुना गया। इस अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए पद्म सिंह और हीरा देवी फिल्म के निर्देशक विनोद कापड़ी के साथ एस्टोनिया की राजधानी तेलिन पहुंचें और इसका प्रीमियर देखा।'पायर' की मासूमियत से भरी प्रेम कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म की सबसे खास बात यह है कि इसके दोनों मुख्य कलाकार पद्म सिंह और हीरा देवी बुजुर्ग और स्थानीय हैं और दोनों ने ही कभी इससे पहले कैमरा या फिल्म नहीं देखी थी। बता दे कि विनोद कापड़ी की फिल्म 'पायर' सच्ची कहानी से प्रेरित है, यह मुनस्यारी के एक गांव में के एक बुजुर्ग जोड़े की कहानी है। उत्तराखंड से लगातार पलायन के कारण वीरान हो चुके भूतहा गांवों की पृष्ठभूमि में यह जोड़ा मौत का इंतजार कर रहा था, लेकिन एक-दूसरे के लिए उनके प्यार ने विनोद के दिल पर इतनी गहरी छाप छोड़ी कि उन्होंने यह फिल्म बनाने का फैसला किया।

## भारतीय नागरिकता मिलते ही अक्षय कुमार ने डाला विधानसभा में पहला वोट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मतदाता विधानसभा चुनाव के लिए मतदान



कर रहे हैं। फिल्मी जगत के सितारे भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते नजर आए हैं। वहीं, अभिनेता अक्षय कुमार भी भारतीय नागरिकता मिलने के बाद विधानसभा में पहला वोट डालते नजर आए हैं। महाराष्ट्र के मतदाता विधानसभा चुनाव के लिए मतदान कर रहे हैं, जो राज्य के सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के भविष्य को आकार देगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ। वहीं, अक्षय कुमार चुनाव के दौरान बाहर निकलकर वोट डालने वाले पहले सेलिब्रिटीज में से एक रहे। वोट देने के बाद अभिनेता ने अपनी इंक लगी उंगली को फ्लॉन्ट किया। साथ ही पैप्स को गुड मॉर्निंग विश करते नजर आए। इसके अलावा जाने माने फिल्म निर्देशक कबीर खान ने भी अपने मत का उपयोग किया है। अभिनेता अक्षय कुमार जब मतदान केंद्र पर पहुंचे तो उन्होंने बेज रंग की पैंट के साथ ब्लैक शर्ट पहन रखी थी। मतदान केंद्र पर सुबह-सुबह पहुंचे अभिनेता को पनी लग्जरी कार से बाहर निकलते और आत्मविश्वास से बूथ की ओर जाते देखा गया।

## हीरो बनने का सपना लेकर आए प्रेम नाथ ऐसे बन बैठे खलनायक, हिंदी सिनेमा के साथ हॉलीवुड तक में जमाए कदम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रेमनाथ की पकड़ सिर्फ फिल्मों तक ही सीमित नहीं थी। उन्होंने कभी साहित्य का रस पीया तो कभी राजनीति में डंका पीटा। आज प्रेमनाथ के जन्मदिवस पर चलिए जानते हैं उनसे जुड़ी कुछ खास बातेंबहुमुखी प्रतिभा के मालिक प्रेमनाथ की पहचान हिंदी सिनेमा में एक बेहतरीन अभिनेता के तौर पर होती है। उनके खाते में 250 से भी ज्यादा फिल्में हैं। इनमें 'जॉनी मेरा नाम', 'धर्मात्मा', 'बरसात', 'कालीचरण', 'प्राण जाए पर वचन न जाए', 'बॉबी' और 'लोफर' जैसी फिल्मों में किए गए उनके अभिनय को सदियों तक नहीं भुलाया जा सकेगा। प्रेमनाथ की पकड़ सिर्फ फिल्मों तक ही सीमित नहीं थी। उन्होंने कभी साहित्य का रस पीया तो कभी राजनीति में डंका पीटा। उनका व्यक्तित्व तो ऐसा था कि फिल्मों की सबसे खूबसूरत अभिनेत्री मधुबाला भी उनके प्यार में दीवानी हो गई थीं। आज प्रेमनाथ का जन्मदिवस है। चलिए इस खास मौके पर आपको बताते हैं उनकी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें...प्रेमनाथ का जन्म 21 नवंबर 1926 को पेशावर में हुआ था। प्रेमनाथ का पूरा नाम प्रेम नाथ मल्होत्रा था। विभाजन के बाद उनका परिवार भारत के जबलपुर, मध्य प्रदेश में आकर बस गया। प्रेम नाथ को बचपन से ही अभिनय से लगाव था और वे फिल्मों की दुनिया में ही अपना करियर बनाना चाहते थे। उनके पिता पुलिस अफसर थे, ऐसे में वे चाहते थे कि उनका बेटा भी देश की सेवा करे और इसके लिए उन्होंने बेटे को आर्मी में भर्ती करवा दिया था। पिता की बात मान प्रेमनाथ आर्मी की ट्रेनिंग तो लेने लगे, लेकिन उनका दिल अभिनय पर ही था। ऐसे में उन्होंने बंदूक खरीदने का बहाना कर पिता को खत लिखा और 100 रुपये मांगे, पिता ने भी पैसे भेजे, जिन्हें लेकर प्रेम नाथ मुंबई चले गए। वे पृथ्वीराज कपूर के बहुत बड़े प्रशंसक थे और उन्हें अक्सर खत लिख अभिनय करने का मौका मांगा करते थे।मुंबई



पहुंचकर वह पृथ्वीराज कपूर से मिले और उनसे खुद को अपना चेला बनाने की गुजारिश की और पृथ्वी थिएटर में भी काम मांगा, जिसके बाद पृथ्वीराज कपूर ने उन्हें थिएटर में दाखिला दे दिया, जहां उनकी दोस्ती राज कपूर से हुई और उनकी ये दोस्ती खूब रंग लाई। यूं तो प्रेम नाथ फिल्मों की दुनिया में हीरो बनने आए थे, लेकिन उनका ये सपना काम नहीं कर पाया, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री में पहचान बतौर खलनायक मिली। दरअसल, हिंदी सिनेमा की पहली रंगीन फिल्मों में से एक 'अजित' से प्रेम नाथ ने बॉलीवुड में डेब्यू किया। यह फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन प्रेम नाथ अपने अभिनय से लोगों की नजर में आ गए। फिर प्रेमनाथ ने 'आग' और 'बरसात' जैसी फिल्मों में राज कपूर के साथ काम किया, जिसने उन्हें सफल बनाया।1953 में फिल्म 'औरत' की शूटिंग के दौरान ही उन्हें अभिनेत्री बीना राय से प्यार हुआ और उन्हीं से शादी भी कर ली। एक ओर बिना कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ रही थीं तो प्रेमनाथ बतौर हीरो खुद को सफल नहीं बना पाए। कुछ समय बाद फिल्मों से प्रेमनाथ ने ब्रेक लिया और संन्यासियों की तरह रहने लगे। हालांकि, कुछ साल बाद उन्होंने कमबैक किया और बतौर खलनायक अपनी जबर्दस्त पहचान बनाई। नकारात्मक किरदार निभा प्रेमनाथ इतने मशहूर हो गए कि उन्हें हीरो से ज्यादा फीस मिलने लगी और इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा, बल्कि अपना प्रोडक्शन हाउस भी खुला और कई फिल्मों का निर्माण भी किया।प्रेमनाथ को पर्दे के पीछे के काम की भी समझ थी, ऐसे में उन्होंने पत्नी के साथ मिलकर प्रोडक्शन कंपनी पीएन फिल्म्स की शुरुआत की। इस बैनर तले कई फिल्में रिलीज हुईं, लेकिन अधिकतर फ्लॉप रहीं। इसके बाद उन्होंने अपना पूरा ध्यान वापस अभिनय करियर में दिया। साल 1975 में आई फिल्म 'धर्मात्मा' में निभाई गई उनकी भूमिका काफी मशहूर हुई। उन्होंने अपनी फिल्म करियर में काली चरण, सन्यासी, सगाई, शोर, बादल, धर्म-कर्म, लोफर, धन-दौलत और बेमान जेसी करीब 250 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया, लेकिन 80 के दशक में स्वास्थ्य खराब होने की वजह से उन्होंने फिल्मों से संन्यास ले लिया, जिसके चलते साल 1985 में आई फिल्म 'हम दोनों' उनके जीवन की आखिरी फिल्म बन गई। प्रेम नाथ ने 1969 में आई अमेरिकन फिल्म केंनरे में भी काम किया था। साथ ही उन्होंने अमेरिकन टीवी शो 'माया' में 1967 से लेकर 1969 तक काम किया था। इसके साथ ही उन्होंने अपनी स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, जिसके प्रचार प्रसार के लिए वो देश भर में धुमे और अपनी पार्टी के हित में कई भाषण दिए, लेकिन राजनीति का छल कपट उन्हें ज्यादा दिन तक रास नहीं आया और कुछ ही सालों में उन्होंने राजनीतिक गलियारों से अपने आप को दूर कर लिया। 3 नवंबर 1992 को उनका निधन हो गया।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।